

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



69 की उम्र में भी हर रोल के लिए तैयार...

बिग बॉस में एंट्री को लेकर सालों बाद खोला राज

वर्ष : 12 | अंक : 266 | लखनऊ, 22 सितम्बर, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### मुंबई के 5 स्टार होटल में खाने की टेबल पर कॉकरोच



मुंबई। मुंबई के लग्जरी 5 स्टार होटल जेडब्ल्यू मैरियट का प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट और फोर्टिस हेल्थकेयर के चेयरमैन डॉ. अशोक सेठ ने सोशल मीडिया पर होटल के रेस्टोरेंट को लेकर एक चौंकाने वाला अनुभव शेयर किया है जिसमें उनके डिनर टेबल पर एक छोटा कॉकरोच घूम रहा था इस घटना ने देश के सबसे मशहूर लग्जरी होटलों में से एक में साफ-सफाई को लेकर चिंता पैदा कर दी है। डॉ. सेठ ने इस फाइव स्टार होटल के रोमानो रेस्टोरेंट में खाना खा रहे थे, तभी उन्हें टेबल पर बर्तनों के बीच कॉकरोच दिखा।

### रोकने के बाद भी भाजपा ने गाया पूरा वंदे मातरम



बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को वंदे मातरम को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सदन में बज रही वंदे मातरम की रिकॉर्डिंग सिर्फ दो पैरा के बाद रोक दी गई। इस पर भाजपा विधायकों ने विरोध जताया और बाकी चार पैरा खुद गाए। भाजपा विधायक अपने साथ वंदे मातरम की लिखित प्रतियां लेकर पहुंचे थे। विधान परिषद में भी भाजपा सदस्यों ने पूरा गीत गाया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल, कांग्रेस ने दो पैरा गाने का आदेश दिया है।

### राज पर रील बनाने वाले के सिर पर रखवाई चप्पल



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे पर टिप्पणी वाली रील के मामले में इन्फ्लुएंसर महेश मोटे से माफी मंगवाने का वीडियो सोमवार को सामने आया। आरोप है कि एमएनएस कार्यकर्ताओं ने उनका चेहरा काली स्याही से पोता, राज ठाकरे की तस्वीर के सामने दंडवत करवाया और सिर पर चप्पल रखकर उठक-बैठक कराई। वीडियो में मोटे रोते हुए हाथ जोड़कर बिना शर्त माफी मांगते और आगे ऐसी गलती न करने की बात कहते दिख रहे हैं।

## अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी करेगी बड़े खुलासे

# चोरी के 105 मामले सीसीटीवी कैमरे में कैद एसआईटी की 'चार्जशीट' में होंगे बड़े खुलासे

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच अब अहम मोड़ पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम यानी एसआईटी दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करेगी। एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। ऐसे में अब चार्जशीट के जरिए जांच से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ को बताया कि पहली गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिन की अवधि 25 सितंबर को पूरी हो जाएगी। अगर इससे पहले चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिलने का आधार बन सकता है। इसी वजह से सरकार ने अदालत को बताया कि एसआईटी दो दिन में चार्जशीट दाखिल करेगी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने की। एसआईटी ने जांच से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत में पेश की, जिसका पीठ ने अवलोकन किया। मामले में 25 सितंबर की तारीख इसलिए अहम है क्योंकि पहली गिरफ्तारी के बाद 90 दिन की अवधि उस दिन पूरी हो रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अगर इस अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिल सकती है। इसी वजह से उन्होंने अदालत में कहा कि चार्जशीट दो दिन के भीतर दाखिल कर दी जाएगी। एसआईटी की ओर से जांच पूरी होने और स्टेटस रिपोर्ट सौंपे जाने की जानकारी भी अदालत को दी गई है।


> सुप्रीम कोर्ट की पीठ को बताया कि पहली गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिन की अवधि 25 सितंबर को पूरी हो जाएगी। अगर इससे पहले चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिलने का आधार बन सकता है।

**चढ़ावा चोरी** में यूपी सरकार ने बताया है कि एसआईटी दो दिन में चार्जशीट दाखिल करेगी

**जांच के दौरान** सीसीटीवी फुटेज से चंदे की चोरी की 105 घटनाओं की पहचान की गई

चार्जशीट दाखिल करने के लिए दो दिन की समय सीमा अहम

जांच पूरी होने की बात कही गई, पहली गिरफ्तारी के 90 दिन 25 सितंबर को पूरे होंगे



### चोरी की घटनाओं का खुलासा

एसआईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इसी फुटेज के आधार पर चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन घटनाओं की जांच पूरी हो चुकी है। एसआईटी के अनुसार अब जांच का अगला चरण चार्जशीट दाखिल करना है। हालांकि, इन 105 घटनाओं में कितनी रकम की चोरी हुई या किन लोगों की भूमिका सामने आई, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। इन विवरणों का खुलासा चार्जशीट में होने की बात कही गई है।

### सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई



सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच को लेकर दाखिल कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने एसआईटी की जांच की स्थिति अदालत के सामने रखी। पीठ ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट भी देखी। अब दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामले की जांच में सामने आए तथ्यों और आरोपों की विस्तृत तस्वीर सामने आने की उम्मीद है।

## वोटर लिस्ट: सोनिया गांधी को झटका

# कोर्ट ने रद्द किया मजिस्ट्रेट का आदेश, अगली सुनवाई 29 को

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले 1980 में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। राउज एवेन्यू की विशेष अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश से इनकार करने वाले मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को रद कर दिया है। सोनिया गांधी पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले, 1980 में जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था। इसी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट का आदेश बिना किसी ठोस कारण के दिया गया था और उसमें उचित वजहें नहीं बताई गई थीं। अदालत ने मामले को वापस एडिशनल चीफ मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट के पास भेज दिया। विशेष अदालत ने निर्देश दिया कि दोनों पक्षों की बात सुनने और मामले की जांच करने के बाद विस्तृत और तर्कपूर्ण आदेश जारी किया जाए। अदालत ने संबंधित पुलिस अधिकारी का पक्ष जानने के लिए भी कहा है। अब मामले की आगे की सुनवाई 29 सितंबर को होगी।





### वोटर लिस्ट से हटे लाखों लोग: मौजूदा रफ्तार से फैसले में लगेंगे 12 साल

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए लाखों लोगों के लिए मताधिकार वापस पाना बड़ी चुनौती बन गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित अपीलीय ट्रिब्यूनल में मामलों के निपटारे की मौजूदा गति से सभी लंबित आवेदनों का फैसला होने में 12 साल से अधिक, यानी करीब 146 महीने लग सकते हैं। चुनाव आयोग के हलफनामे के मुताबिक अप्रैल के मध्य से अब तक पांच महीनों में ट्रिब्यूनल ने सिर्फ 1,26,194 मामले निपटाए हैं। यानी हर महीने औसतन 25,238 मामलों का ही फैसला हो पा रहा है। 16 सितंबर तक ट्रिब्यूनल के पास कुल 37,05,235 मामले लंबित थे। इस स्थिति को देखते हुए आयोग ने तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ'ब्रायन की याचिका के जवाब में सुप्रीम कोर्ट से राहत मांगी है।

### अपीलीय ट्रिब्यूनल की संख्या बढ़ाने की मांग

आयोग ने राज्य में अपीलीय ट्रिब्यूनल की संख्या 24 से बढ़ाकर 42 करने की मांग की है, जो पश्चिम बंगाल के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या के बराबर होगी। इसके अलावा आयोग ने प्रस्ताव रखा है कि न्यायिक अधिकारियों को वर्क फ्रॉम होम और डिजिटल सुनवाई की अनुमति दी जाए। आयोग के अनुसार इससे अधिकारियों के आने-जाने का समय बचेगा और अपीलों के निपटारे में तेजी आएगी।

## रोहिणी जेल में मर्डर:वार्ड-3 में खूनी संघर्ष

# गैंगवार का नतीजा..तंबाकू के लिए कैदी को मार डाला

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली की रोहिणी जेल के अंदर एक अंडरट्रायल कैदी की हत्या का मामला सामने आया है। आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद प्रमोद नामक कैदी की आपसी रंजिश के चलते हत्या कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, मृतक प्रमोद जेल के अंदर तंबाकू बेचने का काम करता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी बात को लेकर कैदियों के बीच कहासुनी और विवाद हुआ था, जिसके बाद यह खौफनाक कदम उठाया गया। जेल के अंदर साथी



कैदियों भोला और मुकेश ने प्रमोद पर धारदार हथियार से हमला करने का गंभीर आरोप लगा है। हमले के बाद गंभीर रूप से घायल प्रमोद को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेल के भीतर हुई इस वारदात से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। गैंग के बीच जेल में तंबाकू को लेकर रंजिश बताई गई है।

## चुनाव चिन्ह फ्रीज मामला सुको पहुंचा

# बीच चुनाव में फ्रीज कर दिया सिंबल, जल्द सुनवाई को राजी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को राहत मिली। चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह फ्रीज कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर कोर्ट जल्द सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। ममता की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ के सामने मामले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आयोग अधिसूचना जारी करता है और प्रक्रिया के बीच



में ही चुनाव चिन्ह फ्रीज कर देता है। सिब्बल के मुताबिक कार्यवाही जून में शुरू हुई थी और जुलाई में जवाब दाखिल किया गया था। इसके बाद अधिसूचना आई और बीच में ही चिन्ह फ्रीज हो गया, इसलिए वे तुरंत सुनवाई और आदेश पर रोक चाहते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामला सूचीबद्ध होने पर दोनों पक्षों को दलीलें रखने का मौका मिलेगा।

## आईआईटी-बॉम्बे छात्र सुसाइड मामला

# पहले कहा- छात्र नकल करते पकड़ा गया था फिर माफी मांगी और डीन को सस्पेंड किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

आईआईटी बॉम्बे ने बीटेक स्टूडेंट साहिल वाकोडे की मौत मामले में प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला को डीन पद से सस्पेंड कर दिया है। हालांकि वे अभी प्रोफेसर पद पर बने रहेंगे। वहीं, संस्थान ने साहिल की मौत को लेकर पहले कही गई अपनी बातों के लिए माफी भी मांगी है। 22 साल के साहिल आईआईटी बॉम्बे के एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में सेकेंड ईयर के स्टूडेंट थे। 18 सितंबर की रात वे पवई कैंपस स्थित हॉस्टल के कमरे में मृत मिले थे। आईआईटी बॉम्बे ने 19 सितंबर को अपने ऑफिशियल बयान में कहा था कि घटना वाले दिन साहिल को मिड-सेमेस्टर एग्जाम में फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था। संस्थान ने दावा किया था साहिल ने चैट जीपीटी पर क्वेश्चन पेपर अपलोड करने



आरोपी प्रोफेसर

20 साल में आईआईटी में 160 छात्र कर चुके हैं आत्महत्याएं



मृतक छात्र

की कोशिश की। फिर हॉस्टल जाकर सुसाइड कर लिया। इस साल आईआईटी बॉम्बे में सुसाइड का यह तीसरा और देश का 9वां मामला है। पिछले 6 साल के दौरान 2025 में सबसे ज्यादा 16 आईआईटी छात्रों ने सुसाइड किया था। ग्लोबल आईआईटी एलुमनाई सपोर्ट ग्रुप के मुताबिक, पिछले 20 साल में आईआईटी के कुल 160 छात्रों ने आत्महत्या की हैं। आईआईटी ने डायरेक्टर प्रो. शिरीष केदारे के इस्तीफे को लेकर भी सफाई दी।

## सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, 18 नवंबर को अगली सुनवाई

# अर्धसैनिक बलों में आईपीएस अफसरों की तैनाती जारी रहेगी, कोर्ट में बताया जरूरी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में सीएपीएफ में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को सही ठहराया है। सोमवार को दिए गए इस शपथ पत्र में कहा गया है कि आतंकवाद, उग्रवाद और विद्रोह से निपटने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के बीच तालमेल जरूरी है। सरकार के मुताबिक सीएपीएफ की अलग पहचान और ऑपरेशनल क्षमता बनाए रखने के

### आतंकवाद की लगाम कसने के लिए आईपीएस जरूरी



लिए आईपीएस की मौजूदगी आवश्यक है। यह हलफनामा दो सितंबर के आदेश के अनुपालन में दाखिल हुआ। तब कोर्ट ने कैडर अफसरों के 'संगठित समूह ए सेवा' (ओजीएएस) मामले में अवमानना केस की सुनवाई करते हुए 23 मई 2025 के फैसले को लागू करने का रोडमैप मांगा था। उस फैसले में आईपीएस प्रतिनियुक्ति को एसएजी स्तर तक चरणबद्ध तरीके से घटाने का निर्देश था। सुनवाई में सामने आया था कि फैसले के बाद भी पांच बलों में 46 आईपीएस अधिकारी भेजे गए। गृह सचिव का तर्क है कि आदेश में प्रतिनियुक्ति पर पूर्ण रोक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे कमी की बात थी। उनके अनुसार प्रतिनियुक्ति कानूनी भर्ती नियमों के दायरे में हो रही है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के बयान पर भाजपा का हमला

# कहा- कांग्रेस अब पूरी तरह बन चुकी है मुस्लिम लीग-माओवादी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों का हवाला देने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया कि हामिद अंसारी के बयान से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस का मुस्लिम लीग-माओवादी चरित्र पूरी तरह उजागर हो गया है। शनिवार को इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में दिवंगत संविधान विशेषज्ञ व लेखक ए.जी. नूरानी की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हामिद अंसारी ने नूरानी की 2019 की पुस्तक द आरएसएस: ए मेनेस टू इंडिया का जिक्र किया था।

### भाजपा ने कहा-राहुल नेता प्रतिपक्ष के लायक नहीं

**नेता प्रतिपक्ष** के पद को मजाकिया विदूषक बना दिया



उन्होंने कहा कि नेहरू का मानना था कि भारत के लिए असली खतरा साम्यवाद (कम्युनिज्म) नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता है। सोमवार को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति के बयान ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस अब पूरी तरह से मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस" में बदल चुकी है। त्रिवेदी ने तर्क दिया कि पूर्व उपराष्ट्रपति की टिप्पणी से यह भी संकेत मिलता है।

### राहुल गांधी पर जमकर साधा निशाना

इंदौर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में सुधांशु त्रिवेदी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस पद पर बने रहने के योग्य हैं या नहीं, यह एक यक्ष प्रश्न है। राहुल गांधी के रवैये पर टिप्पणी करते हुए त्रिवेदी ने कहा, उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा और गंभीरता से समझौता करते हुए इसे एक मजाकिया विदूषक जैसा बना दिया है। अगर सरल हिंदी में कहें तो वे जोकराई पर उतर आए हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को इंदौर में युवाओं से संवाद के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा था कि देश से नफरत को सिर्फ छात्र ही उखाड़ फेंक सकते हैं, न कि अंधभक्त।

## पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी राजन मिश्रा की माता स्वर्गीय सत्यवती मिश्र का त्रयोदशाह संस्कार 24 सितंबर को

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/नोएडा। पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी राजन मिश्रा की माता, स्वर्गीय श्रीमती सत्यवती मिश्र जी के निधन के उपरांत त्रयोदशाह संस्कार (तेरहवीं) से संबंधित समस्त कार्यक्रम उनके आवास इ-49, सेक्टर-51, नोएडा से संपन्न होंगे। इस अवसर पर परिवार की ओर से सभी परिजनों, शुभचिंतकों एवं आत्मीयजनों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत पुण्यात्मा की शांति एवं सद्गति के लिए प्रार्थना करने का विनम्र अनुरोध किया गया है। परिवारजनों ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में शुभचिंतकों एवं आत्मीयजनों की उपस्थिति परिवार को संबल प्रदान करेगी । उक्त जानकारी उनके सुपुत्र एवं समाजसेवी राजन मिश्र ने दी ।

# हिस्से की रकम न देने पर जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में संयुक्त रूप से खरीदी गई जमीन को बेचकर हिस्से की रकम न देने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में आलमबाग के छोटा बरहा निवासी सतीश कुमार शुक्ला की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से सरोजनीनगर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतीश के मुताबिक उसने विमल कुमार पांडेय और पंकज त्रिपाठी के साथ पांच दिसंबर 2015 को सरोजनीनगर के गहरू स्थित खसरा संख्या 600 मि. की 3758.886 वर्गमीटर जमीन संयुक्त रूप से खरीदी थी। आरोप है कि बाद में इस जमीन का कुछ हिस्सा लक्ष्मी देवी, अनुराधा मल्ल, निधि तिवारी, मोनिका मिश्रा, कुमार गुप्ता और नीलम त्रिपाठी को बेच दिया गया। इसकी कीमत करीब 55 लाख 76 हजार 500 रुपये बताई गई है। सतीश का आरोप है कि बिक्री से मिलने वाली रकम में उसका एक तिहाई हिस्सा करीब 19 लाख 21 हजार 666 रुपये था, लेकिन उसे भुगतान नहीं किया गया। खरीदारों द्वारा चेक, एनईएफटी और ऑनलाइन माध्यम से दी गई रकम विमल और पंकज के खातों में पहुंची। हिस्सा मांगने पर दोनों ने टालमटोल करते हुए दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि वास्तविक बंटवारा किए बिना संयुक्त भूमि के मूल्यवान हिस्से बेच दिए गए और बैनामों में भूमि का बंटवारा होने का उल्लेख किया गया। इसके अलावा 25 जून 2025 को उसने कविता पत्नी संजय कुमार को 7759 वर्गफीट भूखंड बेचा था। आरोप है कि विमल और पंकज ने उसकी बाउंड्रीवाल तोड़कर खरीदार को निर्माण करने से रोक दिया। सतीश के मुताबिक आरोपी उसकी बची जमीन बेचने का प्रयास कर रहे हैं और जमीन पर लगाया गया बोर्ड भी तोड़कर फेंक दिया गया। उसने 25 फरवरी 2026 को सरोजनीनगर थाने में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 27 मार्च को उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी। पुलिस से राहत नहीं मिलने पर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शोक समाचार



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव व केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे की पूज्यनीय माताजी श्रीमती सुशीला दुबे का कल शाम 5 बजे निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार आज दिनांक 22 सितम्बर को बैकुंठ धाम (भैंसा कुंड) पर प्रातः 10 बजे होगा।

# सीएचसी में एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं हाई रिस्क असेसमेंट कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा में सोमवार को एएनएम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं रिस्क असेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सीएचसी प्रभारी के कक्ष में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में बीसीपीएम इसहाक अली ने एएनएम को बताया कि किस प्रकार गांव स्तर पर गर्भवती महिलाओं की समय से पहचान कर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था को चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते खून की कमी, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, अधिक उम्र में गर्भावस्था जैसे लक्षणों की पहचान कर ली जाए, तो जच्चा-बच्चा दोनों की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने सभी एएनएम को रिस्क असेसमेंट फॉर्म को सही तरीके से भरने, आशा के माध्यम से फॉलोअप लेने और जोखिम वाली महिलाओं को तुरंत सीएचसी या जिला अस्पताल रेफर करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान बीपीएम शिवाकांत ने कहा कि शासन की मंशा है, कि हर गर्भवती को सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिले। इसके लिए एएनएम की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान महेश कुमार ने पोर्टल पर फीडिंग और रिपोर्टिंग की जानकारी भी दी।

प्रशिक्षण में सभी एएनएम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, और अपने क्षेत्र में आ रही समस्याओं को भी रखा। अधिकारियों ने उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

इस मौके पर बीसीपीएम इसहाक अली, बीपीएम शिवाकांत, महेश कुमार सहित सीएचसी की समस्त एएनएम और स्टाफ मौजूद रहा।

## खड़े डंपर में पीछे से डीसीएम टकराने से डीसीएम चालक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के खड़े डंपर में पीछे से डीसीएम टकराने से हुई डीसीएम चालक की मौत मामले में उसकी पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के बीबीपुर निवासी रीना चौरसिया के मुताबिक उसके पति राजेश चौरसिया (32) डिलीवरी कंपनी में डाक पार्सल वाहन चलाते थे। वह 18 सितंबर को तड़के करीब 4 बजे डीसीएम लेकर बाराबंकी जा रहे थे। तभी सरोजनीनगर में सैनिक स्कूल के पास पहुंचने पर सड़क पर पहले से बिना इंडीकेटर और सेफ्टी कोन के खड़े डंपर (यूपी 32 यूएन 5325) में राजेश की डीसीएम पीछे से जा घुसी, जिससे राजेश अपनी डीसीएम के केबिन में फंस गए। राहगीरों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी गई। तब मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनीनगर भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# हुनर के साथ कारोबार का भी मिला पाठ



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। पाण्डेय कॉम्प्लेक्स, मोहनलालगंज में चल रहे 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम में रविवार को महिलाओं और बालिकाओं को बैंकिंग योजनाओं के साथ उद्यमिता के गुर सिखाए गए। मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ की ओर से जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ब्यूटी पार्लर का रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा प्रबंधक भारती मिश्रा ने स्वरोजगार के लिए उपलब्ध बैंक ऋण योजनाओं, वित्तीय सहायता, बचत, डिजिटल बैंकिंग और ऋण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही योजना और वित्तीय अनुशासन के साथ महिलाएं अपना सफल व्यवसाय स्थापित कर सकती हैं। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि किसी भी हुनर को सफल कारोबार में बदलने के लिए आत्मविश्वास, मेहनत, बाजार की समझ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन जरूरी है। प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के साथ बैंकिंग और व्यवसाय संबंधी जानकारी मिलने से उन्हें भविष्य में अपना ब्यूटी पार्लर शुरू करने का आत्मविश्वास मिला है। आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है।

# पसमांदा सम्मेलन में बूथ मजबूत करने का मंत्र

अमन लेखनी समाचार



निगोहां । भगवानपुर (दुन्दपुर रोड) में सोमवार को पसमांदा मुस्लिम समाज का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़ और बहराइच समेत कई जिलों से पहुंचे कार्यकताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक न्याय और संगठन की मजबूती को समाज की तरक्की का आधार बताते हुए बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का आह्वान किया। मुख्य अतिथि पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि पसमांदा समाज को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा उन्होंने कार्यकताओं से समाज के लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष वसीम राईनी ने की। सम्मेलन का आयोजन मंडल मीडिया प्रभारी मो. आरिफ मंसूरी तथा जिला मंडल मीडिया प्रभारी मो. इश्तियाक उर्फ शेर खान के नेतृत्व में हुआ। सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री शेख सलाहुद्दीन, प्रदेश सचिव अबू बकर इदरीसी, प्रदेश उपाध्यक्ष सबीहा सुल्ताना, प्रदेश संगठन मंत्री हसनैन मंसूरी, प्रदेश महामंत्री मो. ताहिर मंसूरी, समाजसेवी शहजाद कुरैशी समेत अन्य वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और समाज की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान निशू मिश्रा, अब्दुल्लाह, मो. इब्राहिम, मेराज, इमरान, इरफान, सलमान, असगर अली इदरीसी, हयात मंसूरी, शमीम, शकील सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार खड़े डंपर में टकराई,कार सवार दरोगा की मौत

अमन लेखनी समाचार





सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार वैगन आर कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े डंपर में टकरा गई। इस हादसे में वैगन आर कार सवार दरोगा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक कानपुर नगर के सनिगवां कोयला नगर निवासी सत्येंद्र सिंह (51) लखनऊ स्थित डायल 112 मुख्यालय में उप निरीक्षक पद पर तैनात थे। वह वर्ष 1995 रैंक के दरोगा थे। सोमवार सुबह करीब 7 बजे वह कानपुर की ओर से अपनी वैगन आर कार से लखनऊ आ रहे थे। तभी सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास उनकी वैगन आर कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि उनकी वैगन आर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने आनन फानन घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दरोगा सत्येंद्र सिंह को इलाज के लिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।घटना के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी अलका सिंह और बेटा राज है।

# थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वारंटी गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

निगोहां। न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंटों के अनुपालन में थाना निगोहां पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तारी के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया कार्रवाई थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, ग्राम बघौना निवासी जमुना प्रसाद पुत्र रामगोपाल वाद संख्या 70374/2024 में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना बंथरा में दर्ज मुकदमे में न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के बावजूद फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर थाना निगोहां पुलिस ने उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर न्यायालय से जारी वारंटों के शत-प्रतिशत अनुपालन और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा इसी क्रम में पुलिस टीम ने वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया।

# भारत-रूस शैक्षणिक सहयोग को मिली नई उड़ान

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह



निगोहां। बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (बीएसएसजीआई), निगोहां में सोमवार से 13 दिवसीय रूसी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ रूस के मिनिन निजनी नोवगोरोड स्टेट पेडागॉजिकल यूनिवर्सिटी (कोजमा मिनिन यूनिवर्सिटी) के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण 21 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम में रूस से आईं दो प्रोफेसर छात्र-छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति का प्रशिक्षण देंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ इसके बाद संस्थान के पदाधिकारियों ने रूस से आईं सुश्री मारिया दिमित्रिएव्ना वारेंत्सोवा और प्रो. नतालिया श्मेलेवा व्लादिमीरोव्ना का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया प्रो. (डॉ.) के.के. सिंह ने कहा कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शिक्षा और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराता। बीएसएसजीआई के अध्यक्ष इंजीनियर आनंद शेखर सिंह ने कहा कि भारत और रूस के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम दोनों देशों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और भाषाई सहयोग को नई मजबूती प्रदान करेगा चेयरपर्सन श्रीमती रीना सिंह ने भी विद्यार्थियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। रूसी प्रोफेसरों ने भारत में मिले आत्मीय स्वागत के लिए संस्थान का आभार जताया और कहा कि भारतीय विद्यार्थियों में रूसी भाषा सीखने की उत्सुकता सराहनीय कार्यक्रम के अंत में प्रो. (डॉ.) आलोक कुमार शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया इसके बाद रूसी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की परिचयात्मक कक्षा लेकर प्रशिक्षण की शुरूआत की।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूकता

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत सोमवार को डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन में सरोजनीनगर, बंथरा और बिजनौर पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस टीमों ने महिलाओं को सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। सरोजनीनगर पुलिस ने अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उपनिरीक्षक यशवंत सिंह, महिला उपनिरीक्षक सुष्मिता सिंह और महिला कांस्टेबल सुनीता ने एंटी रोमियो टीम के साथ महिलाओं को 112, 108, 1098, 1076, 1090 और 181 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी और यूपी कॉप एप की सुविधाओं के बारे में बताया ।पुलिस टीम ने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर ठगी की स्थिति में 1930 पर शिकायत करने की जानकारी दी। इसी तरह बंथरा पुलिस ने बनी स्थित सई नदी किनारे रेतेश्वर मंदिर में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। यहाँ निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक गुलाब कली, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, महिला कांस्टेबल मोनी यादव, मीनू अग्निहोत्री और राजेश्वरी ने एंटी रोमियो टीम के साथ महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा की। वहीं बिजनौर पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने भी महिलाओं और बालिकाओं को 1090, 1098, 1076 और 1930 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

# चलती कार बनी आग का गोला, टला बड़ा हादसा

### थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार की तत्परता से पहुंची पुलिस, दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव के पास सोमवार दोपहर चलती वश 3ड में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन रोक दिया और अपनी बहन के साथ बाहर निकलकर जान बचाई देखते ही देखते कार आग की लपटों से घिर गई। घटना की सूचना मिलते ही निगोहां थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा पुलिस की सक्रियता से समय रहते दमकल विभाग को सूचना दी गई जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका हादसे में चालक और उसकी बहन सुरक्षित रहे जबकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 1:45 बजे वाहन संख्या वढ 32 दट 8603 से सत्यदेव सिंह पुत्र जगपाल सिंह निवासी नेवा थाना बछरावां (रायबरेली) अपनी बहन गीता के साथ बछरावां से लखनऊ जा रहे थे लालपुर के पास पहुंचते ही कार से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग भड़क गई चालक ने बताया कि कार का क्लच काम नहीं कर रहा था खतरे को भांपते हुए उसने तुरंत वाहन सड़क किनारे रोक दिया और बहन के साथ बाहर निकल आया इसके बाद आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल टीम ने पुलिस के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा हालांकि पूरे मामले की जांच की जा रही।

# आवरा सांड ने किसान को पटक-पटककर मार डाला

अमन लेखनी समाचार



मृतक राजाराम फाइल – फोटो

लखनऊ। बाग में गाय बांधने गए एक किसान को आवारा सांड ने हमला कर पटक पटक कर बेसुध कर दिया आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े लेकिन तब तक किसान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी संजय खां निवासी राजाराम मौर्य (65) रोज की तरह सोमवार दोपहर को गाय को बाग में बंधने गए थे। तभी वहां पर मौजूद एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर अपने सींग सिर और सीने में घुसेडकर पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। सांड की डहकने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण पहुंचे तो देखा कि राजकुमार खून से लथपथ अवस्था में जमीन पर पड़े थे। आनन फानन इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि वह खून से लथपथ अवस्था में जमीन पर पड़े थे। सिर और सीने में गंभीर चोट थी। जिसके चलते उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक राजाराम मौर्य खेती किसानी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक के परिवार में पत्नी रामरती, दो बेटे विमल, दुर्गेश उर्फ लल्लू दो बहनें आरती और शालिनी है जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

# स्वस्थ श्रमिक, उद्योग की ताकत

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। यू.पी. एस्बेस्टस लिमिटेड परिसर में सोमवार को आयोजित श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर में 125 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं शिविर में सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. शुभदर्शन फार्मासिस्ट पीएन तिवारी व कंपनी के चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. राव ने श्रमिकों की रक्तचाप, शुगर समेत सामान्य स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सीय परामर्श दिया। वही मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ श्रमिक ही उद्योग की सबसे बड़ी पूंजी श्रमिकों का बेहतर स्वास्थ्य उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ उद्योग की प्रगति का आधार भी उन्होंने श्रमिकों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और सरकार की स्वास्थ्य व श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। महाप्रबंधक जीएन श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनी श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती इसी उद्देश्य से समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते ताकि श्रमिक स्वस्थ रहकर बेहतर कार्य कर सकें। अंत में उन्होंने चिकित्सकीय टीम और अतिथियों का आभार जताया कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षेप

### 130वीं जयंती पर राष्ट्र गौरव महोत्सव, सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समां

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला शीतलगंज स्थित अन्नदेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार शाम भारतीय दोसर वैश्य महासमिति पुरवा द्वारा पद्मश्री श्याम लाल गुप्ता पार्षद की 130वीं जयंती समारोह एवं राष्ट्र गौरव महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने चार चांद लगा दिए। समारोह में दूर-दराज से पहुंचे महासमिति के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों ने पद्मश्री श्याम लाल गुप्ता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक अनिल सिंह का महासमिति के पदाधिकारियों ने पगड़ी, माला और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। वहीं चेयरमैन रेनू गुप्ता और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी का भी माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय / प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री श्याम मूर्ति गुप्ता, प्रदेश प्रभारी संगम लाल गुप्ता, प्रदेश महामंत्री दिनेश गुप्ता, प्रांतीय युवा अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता सहित जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चंद्र गुप्ता, अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम चंद्र गुप्ता, छुन्नी गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री संजय गुप्ता समेत समिति के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के सदर कोतवाली इलाके के ईदगाह पत्थर कॉलोनी में सोमवार को सनसनी फैल गई जब एक युवती का शव उसके ही घर में फंदे से लटका मिला। घटना के वक्त वह घर में अकेली मौजूद थी। जानकारी के मुताबिक मृतका ईदगाह निवासी इरशाद की 18 वर्षीय पुत्री सना है। परिजनों के अनुसार उनका मकान सैफान रजा मस्जिद के ठीक सामने स्थित है। सोमवार दोपहर लगभग दो बजे सना घर पर अकेली थी, तभी उसने यह कदम उठा लिया। परिजन जब घर पहुंचे तो उसे लटका देखकर उनके होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि सना अपने भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके परिवार में एक भाई और दो छोटी बहनें हैं। बड़ी बेटी की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली और परिवार से बातचीत कर घटना के बारे में जानकारी जुटाई। फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

## गणेश महोत्सव और रामायण पाठ के समापन पर गूंजा भक्ति का उल्लास

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में गणेश महोत्सव और रामायण पाठ के समापन के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

नगर पंचायत के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित गोविंद चौराहे पर कई दिनों से चल रहे सार्वजनिक श्री गणेश महोत्सव का शनिवार को पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समापन हुआ। महोत्सव के समापन के बाद रविवार को आयोजन स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। आयोजकों और श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ कराया। इसके बाद देर तक लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, कालीमिट्टी चौराहे पर जिला पंचायत सदस्य रमेश रावत के प्रतिष्ठान पर आयोजित रामायण पाठ का भी विधि-विधान से समापन हुआ। रामायण पाठ के समापन के बाद यहाँ वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसाद वितरण की व्यवस्था में जिला पंचायत प्रतिनिधि अजीत रावत, नैमिष विश्वकर्मा, सनी, धीरज, दीपू, विनीत सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। श्रद्धालुओं के लिए बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था में कार्यकर्ता जुटे रहे। उधर, कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग स्थित रामदास कश्यप के यहां रविवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाकर धार्मिक परंपराओं के अनुसार विसर्जित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे बीजी लगाए। धार्मिक आयोजनों के चलते क्षेत्र में दिनभर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा पुरवा के मोहल्ला कस्तोलवा में शनिवार शाम एक 35 वर्षीय महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार कस्तोलवा निवासी मोनू की पत्नी पिंकी उम्र 35 वर्ष शनिवार शाम करीब सात बजे कमरे के अंदर पंखे के सहारे लटकी मिली। बताया गया कि घटना के समय पति मोनू मवेशियों का काम कर रहा था। तभी उसके बड़े पुत्र कुशाग्र ने बताया कि मां कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। कई बार आवाज देने के बाद भी जब अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो मोनू ने दरवाजे को धक्का मारकर कुंडी तोड़ी और अंदर देखा तो पत्नी लटकी हुई मिली।

परिजन आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पति मोनू ने बताया कि उसकी पत्नी पिंकी मानसिक बीमारी से पीड़ित थी और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज लखनऊ में चल रहा था। लगभग नौ वर्ष पूर्व उसकी शादी रायबरेली जनपद के गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रीखेड़ा में हुई थी। उसके चार बच्चे हैं - पुत्र कुशाग्र, पुत्रियां दृष्टि और तृप्ति तथा एक वर्ष का छोटा पुत्र। महिला की मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सीएचसी से मिले मेमो के आधार पर कस्बा इंचार्ज रमेश सिंह सेंगर पुलिस टीम और महिला कांस्टेबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सूचना पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी भवन मौर्य ने बताया कि परिजनों द्वारा महिला के मानसिक बीमार होने की जानकारी दी गई है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## कल्याणी नदी का बढ़ा जलस्तर कई जगह हुआ जल भराव

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कल्याणी नदी का बढ़ता जलस्तर कई गांवों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है कई रास्तों पर जलभराव से आवागमन प्रभावित है तो वही दो गांव के सामुदायिक शौचालय जाने वाले मार्ग पूरी तरह जलमग्न है तो साथ ही एक परिषदीय विद्यालय के भीतर तक पानी भर गया है। गौरतलब हो पिछले कई दिनों से कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है जिससे किनारे के गांव, शिवलाल पुरवा,कुशराजपुर, भिलोई, लोनारी,बेहटा कच्छ ,देवरिया आदि सहित अन्य गांवों के निकट जलभराव से जनजीवन प्रभावित हो रहा है तो अनेक रास्तों पर पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित है इसी क्रम में गांव लोनारी स्थित कम्पोजिट विद्यालय के अंदर तक पानी घुस गया है इसी तरह से कुशराजपुर और शिवलाल पुरवा स्थित सामुदायिक शौचालय के रास्ते तक पानी भर गया है इस बढ़ते जलस्तर से तमाम किसानों की धान आदि की फसल बर्बाद हो रही है तो वही जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत विशेष कैंप आयोजित

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी ‡मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना‡ के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय गंजमुरादाबाद में सोमवार को एक विशेष जागरूकता एवं ऋण सहायता कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, उन्नाव के सहयोग से लगाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं और नव-उद्यमियों को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करना और वित्तीय सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित युवाओं और इच्छुक व्यक्तियों को योजना के नियमों, पात्रता और मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य के युवाओं को नौकरी तलाशने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनाना है। कैंप में युवाओं को अपना नया उद्योग या व्यापार स्थापित करने के लिए आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराने और आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। इस विशेष जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर योजना का लाभ उठाने के लिए पूरी उत्सुकता दिखाई। इस प्रकार के कैंप स्थानीय स्तर पर युवाओं को वित्तीय साक्षरता और सरकारी योजनाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान उत्तर प्रदेश के युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। कैंप में मौजूद स्थानीय प्रबुद्धजनों और अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने सपनों का व्यवसाय शुरू कर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद कामिल कुरैशी सहित नगर वासी व कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा वातावरण, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। श्री राधाष्टमी के पावन अवसर पर श्री राधिका सेवा समिति की ओर से भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्री राधा रानी की आराधना की। धार्मिक आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय नजर आया।

समिति की संस्थापक एवं अध्यक्ष गुड़िया सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के आयोजक उदय प्रताप सिंह चौहान रहे।

श्री राधाष्टमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह पर्व श्री राधा रानी के जन्मोत्सव के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम लोगों को अपनी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

आयोजन में समिति की संरक्षक शमीर्ला चौहान, रजनी चौहान, बिंदु सिंह, कविता श्रीवास्तव, मंजू सिंह, नीतू त्रिवेदी, पूनम कुशवाहा, सोनाली तिवारी, रानी यादव, प्रियंका पाल और ममता शुक्ला समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। समिति की ओर से धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से आपसी सहयोग और एकजुटता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने श्री राधा रानी की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के समापन पर समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

## आम के बाग में साड़ी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के साल्हेनगर करौंदी गांव में सोमवार सुबह गांव से करीब 200 मीटर दूर आम के बाग में एक महिला का शव साड़ी के फंदे से पेड़ पर लटका मिला। खेतों की ओर गए किसानों ने शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

कोतवाली के साल्हेनगर करौंदी गांव निवासी रामरती (55) पत्नी स्व. पुरई सोमवार सुबह नाश्ता करने के बाद रोज की तरह बड़ादेव मंदिर जाने के लिए घर से निकली थीं। लेकिन वह मंदिर नहीं पहुंचीं। कुछ देर बाद किसानों ने गांव निवासी शेषनारायण के आम के बाग में पेड़ से साड़ी के फंदे से शव लटका देखा। सूचना पर पहुंचे बेटे हीरालाल ने बताया कि उसकी मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। बताया कि पिछले साल 31 अगस्त 2025 को उसके पिता पुरई ने भी गांव के बाहर बाग में फांसी लगाकर जान दे दी थी। इसके बाद से ही उसकी मां मानसिक रूप से परेशान रहती थीं। वह अक्सर बड़ादेव मंदिर चली जाती थीं और दिनभर वहीं रहती थीं। मृतका के एक बेटा हीरालाल के अलावा एक विवाहित बेटी सुर्जनी है जो चंडीगढ़ में रहती है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ की गई बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में समग्र शिक्षा अभियान की समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग मीटिंग की गई। मीटिंग में स्पेशल एजुकेटर संध्या चौहान ने अभिभावकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओ के संदर्भ में जानकारी दी। स्पेशल एजुकेटर अनिल कुमार ने मेजरमेंट कैंप में दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल ,व्हील चेयर, सीपी चेयर वैशाखी ,कान की मशीन, दृष्टि बाधित बच्चों को चश्मा एवं सेंसर छड़ी के वितरण के बारे में जानकारी दी। स्पेशल एजुकेटर अजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति के रूप में स्कॉट अलाउंस छह हजार वार्षिक व स्टाइपेंड दो हजार वार्षिक दिया जाता है। मीटिंग में स्पेशल एजुकेटर अनिल कुमार, अजय कुमार ,हरि प्रसाद विश्वकर्मा,संध्या चौहान एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी खेमराज सिंह,



अजय सिंह, मनीष वर्मा, श्लोक बाजपेई ,धीरज ,आसाराम सहित आधा सैकड़ा अभिभावक उपस्थित रहे।

## आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम धर्मदास खेड़ा में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं भीम आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में 'मिशन 2027' के तहत कार्यकर्ता जागरूकता अभियान व बहुजन जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी की जिला संगठन मंत्री रोली गौतम के संयोजन में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आजाद समाज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य व लखनऊ मंडल मुख्य प्रभारी एडवोकेट अरविंद राजवंशी पासी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव 'मिशन 2027' की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज शिक्षित और संगठित नहीं होगा, तब तक राजनीतिक व सामाजिक स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा सकती। विशिष्ट अतिथि एवं जिला प्रभारी शशिवेंद्र कुमार गौतम ने अपने संबोधन में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शोषित और वंचित वर्ग के हक व अधिकार की लड़ाई आजाद समाज पार्टी निरंतर लड़ रही है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भगवंतनगर अरुण कुमार रावत और यूथ जिला अध्यक्ष अखिलेश पासी उर्फ 'पासा' ने भी कार्यकताओं में जोश भरते हुए आगामी चुनावों के लिए पूरी निष्ठा से जुटने की बात कही। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष संगम मौर्या, दीपक धानुक, सुशील गौतम, राजेंद्र पटेल, निशा गौतम, निर्मला गौतम, पूनम गौतम सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हाथ में कड़ा पहने छात्र ने दूसरे छात्र पर किया हमला

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। हाथ में पहनने वाला कड़ा छात्रों द्वारा हथियार के रूप में प्रयोग किया जा रहा है एक परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 8 के छात्र को कड़ा से वार कर सर फोड़ दिया गया। जबकि इसी सप्ताह एक इंटर कालेज में भी हाथ कड़े से मारपीट का मामला प्रकाश में आया था।

कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 8 के छात्र निखिल निवासी गांव गुलबहा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भरती कराया गया जहा पर छात्र ने बताया कि स्कूल में मामूली कहासुनी के बाद एक दूसरे छात्र ने स्कूल गेट पहुंचते ही हाथ कड़े से उसके सर पर वार कर घायल कर दिया गया जिसका अस्पताल डाक्टरों द्वारा इलाज किया गया है। पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा है कि शिक्षक से स्पष्टीकरण लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो इसी सप्ताह बीते मंगलवार को गांव अटवावैक निवासी 12वी के छात्र अवनीश ने बेहटा मुजावर पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि गांव स्थित इंटर कालेज में मामूली कहासुनी के बाद दूसरे छात्र ने हाथ कड़े से उसकी पिटाई की थी।

अब एक हफ्ते के भीतर हाथ कड़े से पिटाई का दूसरा मामला फिर से प्रकाश में आ गया है जिससे लोगो में छात्रों द्वारा हाथ कड़े को हथियार के रूप में प्रयोग करने जैसी बात पर चर्चा तेज हो गई है।

वही शिक्षा विभाग स्कूल में घटित इस तरह की घटनाओं पर नकेल कसने में पूरी तरह से असहज प्रतीत होता दिख रहा है।

## ट्रेन की चपेट से महिला घायल, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मकूर गांव निवासी प्रदीप ने बताया कि उसकी मां कोमल (60) के साथ वह सोमवार सुबह लखनऊ जाने के लिए कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पहुंचा था। दोनों ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफार्म पर खड़े थे। ट्रेन आने पर कोमल उसमें चढ़ने लगीं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद स्टेशन पर मौजूद लोगों की मदद से परिजनों ने घायल महिला को एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## खेत पर काम कर रहे किसान को जहरीले कीड़े ने काटा हालत गंभीर

नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड के कुंजपुर गांव में सोमवार सुबह खेत में काम कर रहे एक किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिवार के लोग उसे तुरंत नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। वहां डॉक्टरों ने शुरूआती इलाज के बाद किसान की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुंजपुर गांव के रहने वाले दीपक कुमार ने बताया कि उनके भाई विजय शंकर (55) सोमवार सुबह अपने खेत पर गए थे। खेत में काम करते समय ही उन्हें किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। कीड़े के काटने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग उन्हें तुरंत निजी गाड़ी से नवाबगंज सीएचसी ले गए। सीएचसी में डॉक्टरों ने विजय शंकर की जांच की और उन्हें शुरूआती इलाज दिया। हालांकि, उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोग उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए हैं।

## बिजली बिल वसूली मात्र 19 फीसदी, अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से की नियमित भुगतान की अपील

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। विद्युत वितरण खण्ड पुरवा के अधिशासी अभियंता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिजली बिल के टर्न-अप को लेकर जानकारी दी है। विज्ञप्ति के अनुसार सितम्बर माह में खण्ड पुरवा के अंतर्गत कुल 141369 बिलेबल उपभोक्ता हैं, जिनके सापेक्ष 21 सितम्बर 2026 तक मात्र 27157 उपभोक्ताओं ने ही अपने बिजली बिल का भुगतान किया है। विभाग का टर्न-अप प्रतिशत मात्र 19.21 प्रतिशत है। अधिशासी अभियंता विमल कुमार ने बताया कि समय से बिल जमा न करने पर उपभोक्ताओं के बिल में पेनाल्टी के रूप में अतिरिक्त धनराशि जुड़ जाती है और बकाया वसूली के लिए विभाग को मजबूरन संयोजन विच्छेदन, धारा-135 और धारा-126 के तहत कार्रवाई करनी पड़ती है। उन्होंने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रत्येक माह का बिजली बिल नियमित रूप से जमा करें ताकि किसी भी प्रकार की विभागीय कार्रवाई से बचा जा सके और निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ लेते रहें। यदि बिल से संबंधित कोई शिकायत है तो उपभोक्ता अपने नजदीकी उपकेंद्र, उपखण्ड और खण्ड कार्यालय में आकर उसका निस्तारण करा सकते हैं।

## सम्पादकीय

# सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए फूहड़ता ठीक नहीं

राजनीति में व्यंग्य और हास्य के लिए जगह होनी चाहिए। सत्ता और विपक्ष के नेताओं पर कटाक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई नई बात नहीं है, लेकिन राजनीतिक विरोध को व्यक्त करने के लिए भाषा और प्रस्तुति की एक मर्यादा भी होती है। केवल चर्चा पाने, सुर्खियां बटोरने या सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कराने के लिए फूहड़ता दिखाना ठीक नहीं है। ऐ करना स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति का संकेत नहीं हो सकता। इंदौर में राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में हुआ घटनाक्रम इसी सवाल को सामने लाता है। 19 सितंबर को हुए इस कार्यक्रम में छात्रों ने शिक्षा, भर्ती, परीक्षा, आरक्षण, छात्रावास और रोजगार से जुड़े गंभीर सवाल उठाए। कार्यक्रम का उद्देश्य ही छात्रों की समस्याओं को सामने लाना था। राहुल गांधी ने भी पेपर लीक, भर्ती और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरा और कहा कि छात्रों का सवाल पूछना जरूरी है, लेकिन कार्यक्रम के एक हिस्से ने पूरे संवाद की दिशा बदल दी। स्टैंडअप कॉमेडियन पुलकित मणि ने मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदाज की नकल की। राहुल उनके साथ नजर आए और उनसे मजाकिया अंदाज में संवाद भी किया। इसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रस्तुति में प्रधानमंत्री की दिवंगत मां का भी अपमान किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर तीखी टिप्पणी की, जबकि शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसे राजनीतिक मर्यादा और मानवीय संवेदनशीलता से जुड़ा विषय बताया। दूसरी तरफ, कांग्रेस की ओर से भाजपा के आरोपों को खारिज किया गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस आरोप को नकारते हुए कहा कि कार्यक्रम को लेकर नकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। यहां मूल सवाल किसी एक दल के आरोप या प्रत्यारोप से आगे का है। राजनीतिक व्यंग्य आखिर कितना व्यक्तिगत होना चाहिए? किसी नेता की नीतियों, फैसलों, भाषणों और राजनीतिक शैली पर तीखा व्यंग्य लोकतांत्रिक बहस का हिस्सा हो सकता है, लेकिन जब हास्य किसी नेता के निजी या पारिवारिक संदर्भ तक पहुंच जाए और उससे किसी की गरिमा आहत होने की स्थिति पैदा हो, तब मंच पर मौजूद लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर तब, जब कार्यक्रम का केंद्र देश के युवा और छात्र हों। दुर्भाग्य यह है कि छात्रों के गंभीर सवालों के बीच हुई एक प्रस्तुति ने पूरी चर्चा को राजनीतिक विवाद में बदल दिया। सोशल मीडिया के दौर में राजनीतिक दलों के लिए यह समझना और भी जरूरी है कि कुछ मिनट की वायरल चर्चा के लिए कही गई बात लंबे समय तक राजनीतिक संवाद की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर सकती है। राजनीति में हास्य खत्म करने की जरूरत नहीं है। व्यंग्य सत्ता से सवाल पूछने का प्रभावी माध्यम हो सकता है, लेकिन व्यंग्य की धार व्यवस्था और नीतियों पर होनी चाहिए, व्यक्तिगत गरिमा को चोट पहुंचाने पर नहीं। इसी तरह विपक्ष को सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन आलोचना को प्रभावी बनाने के लिए फूहड़ता जरूरी नहीं है। आज युवाओं के सामने परीक्षा, रोजगार, कौशल, महंगी शिक्षा और सुरक्षित छात्रावास जैसे वास्तविक प्रश्न हैं। वे राजनीतिक दलों से केवल भाषण या मनोरंजन नहीं, अपने भविष्य को लेकर स्पष्टता चाहते हैं। इसलिए छात्र संवाद के मंच पर ऐसी कोई बात नहीं होनी चाहिए जो मूल मुद्दों को पीछे धकेल दे। छात्रों की आवाज को राजनीतिक शोर में नहीं, गंभीर संवाद और समाधान में जगह मिलनी चाहिए।



**यूपीआई पर शुल्क**

सतीश सिंह

भारत में चाय की छोटी दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक, यूपीआई भुगतान रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मोबाइल से कुछ ही सेकंड में भुगतान की सुविधा ने नकदी पर निर्भरता घटाने के साथ छोटे कारोबारियों को भी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। ऐसे में 15 अक्टूबर 2026 से कुछ बड़े यूपीआई मर्चेंट भुगतानों पर एमडीआर लागू होने का फैसला स्वाभाविक रूप से चर्चा में है। हालांकि इसका सीधा बोझ उपभोक्ता पर नहीं पड़ेगा और अधिकांश छोटे भुगतान शुल्क-मुक्त रहेंगे, फिर भी व्यापारियों की लागत और डिजिटल भुगतान की रफ्तार पर इसके असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए नई व्यवस्था में सुविधा, पारदर्शिता और टिकाऊपन के बीच संतुलन जरूरी है।

# डिजिटल भुगतान पर संतुलन की चुनौती

भारत में चाय की दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक, यूपीआई भुगतान का सबसे सहज माध्यम बन चुका है। जेब में नकदी हो या न हो, मोबाइल फोन और बैंक खाते के सहारे कुछ ही सेकंड में भुगतान पूरा हो जाता है। इस सरलता ने न केवल लेन-देन की आदत बदली, बल्कि छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों और दूरदराज के क्षेत्रों को भी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। ऐसे में 15 अक्टूबर 2026 से कुछ यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने का निर्णय स्वाभाविक रूप से चर्चा और चिंता का विषय बन गया है। नई व्यवस्था को लेकर सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह शुल्क सामान्य उपभोक्ता से नहीं लिया जाएगा। किसी मित्र या रिश्तेदार को पैसे भेजने वाले व्यक्ति-से-व्यक्ति यानी पी2पी लेन-देन पहले की तरह निशुल्क रहेंगे। इसी तरह दुकानदार को किए जाने वाले 2,000 रुपये तक के भुगतान पर भी कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर नहीं लगेगा। शुल्क केवल चुनिंदा व्यक्ति-से-व्यापारी यानी पी2एम लेन-देन पर लागू होगा।

15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के पात्र यूपीआई मर्चेंट भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाएगा। इसका भुगतान व्यापारी को करना होगा। अधिकतम शुल्क प्रति लेन-देन 300 रुपये निर्धारित किया गया है। इसका अर्थ है कि 3,000 रुपये के भुगतान पर व्यापारी को 12 रुपये और 10,000 रुपये के भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर देना होगा। 75,000 रुपये अथवा उससे अधिक के भुगतान पर शुल्क 300 रुपये से अधिक नहीं होगा। हालांकि, सभी व्यापारियों और क्षेत्रों पर एक जैसी दर लागू नहीं होगी। यूपीआई क्यूआर कोड के माध्यम से एक महीने में एक लाख रुपये तक प्राप्त करने वाले छोटे व्यापारियों को इस शुल्क से बाहर रखा गया है। रेलवे, ईंधन, दूरसंचार, बीमा, कृषि सामग्री, उपयोगिता बिल और कुछ अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 5 रुपये का निश्चित एमडीआर रखा गया है। पूंजी बाजार से जुड़े चुनिंदा भुगतानों पर 0.02 प्रतिशत की रियायती दर लागू होगी, जिसकी अधिकतम सीमा भी 300 रुपये होगी। सबसे महत्वपूर्ण है कि 2,000 रुपये तक के भुगतान यूपीआई मर्चेंट लेन-देन की कुल संख्या के 95 प्रतिशत से अधिक हैं। इसलिए अधिकांश रोजमर्रा के भुगतान शुल्क-मुक्त ही बने रहेंगे। नई व्यवस्था का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि एमडीआर का बोझ ग्राहक पर डालने की अनुमति नहीं है। बैंक, भुगतान सेवा प्रदाता और व्यापारी किसी पात्र भुगतान पर लागू शुल्क ग्राहक से अलग से नहीं वसूल सकते। फिर भी व्यावहारिक स्तर पर चुनौती बनी रहेगी। कोई व्यापारी ग्राहक से प्रत्यक्ष रूप से यूपीआई शुल्क न लेकर वस्तु या सेवा की कीमत में उसे शामिल कर सकता है। वह यूपीआई भुगतान पर छूट देने से मना कर सकता है अथवा नकद भुगतान को प्राथमिकता दे सकता है। कम लाभ वाले कारोबारों में 0.4 प्रतिशत की दर छोटी दिखाई देने के बावजूद संचयी रूप से उल्लेखनीय लागत बन सकती है। उदाहरण के लिए, किसी व्यापारी को महीने में 10 लाख रुपये के ऐसे पात्र यूपीआई भुगतान मिलते हैं तो सैद्धांतिक रूप से एमडीआर का बोझ 4,000 रुपये तक पहुंच सकता है। खुदरा व्यापार, दवा, किराना और वितरण जैसे क्षेत्रों में,




जहां लाभ का अंतर सीमित होता है, यह लागत संवेदनशील हो सकती है।

सोशल मीडिया पर यह कहा जा रहा है कि यूपीआई भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जा रहा है। यह दावा भ्रामक है। जीएसटी ग्राहक द्वारा भुगतान की गई पूरी राशि पर नहीं, बल्कि व्यापारी से लिए गए एमडीआर पर लागू होगा। यदि 10,000 रुपये के पात्र भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर बनता है तो 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी 7.20 रुपये होगा। अर्थात व्यापारी की कुल लागत 47.20 रुपये होगी। जीएसटी में पंजीकृत पात्र व्यापारी नियमानुसार इस कर का इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सकता है। लेकिन गैर-पंजीकृत व्यापारी को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए उसके लिए जीएसटी भी वास्तविक अतिरिक्त व्यय बन सकता है। यूपीआई उपयोगकर्ता को भले निशुल्क दिखाई देता हो, लेकिन इसकी पूरी व्यवस्था लागत-मुक्त नहीं है। प्रत्येक लेन-देन के पीछे बैंकों, एनपीसीआई, भुगतान ऐप, डेटा केंद्रों और तकनीकी सेवा प्रदाताओं का विस्तृत ढाँचा काम करता है। सर्वर क्षमता बढ़ाने, साइबर सुरक्षा मजबूत करने, धोखाधड़ी रोकने, शिकायतों का निपटारा करने और लेन-देन विफल होने पर धन वापसी सुनिश्चित करने में लगातार निवेश करना पड़ता है। जुलाई 2026 में यूपीआई से 2,366 करोड़ लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य 29.9 लाख करोड़ रुपये था। इतने विशाल तंत्र को केवल सरकारी प्रोत्साहन राशि के सहारे लंबे समय तक चलाना आसान नहीं है। सीमित और बड़ी व्यापारिक अदायगियों पर शुल्क लगाकर बुनियादी ढांचे को टिकाऊ बनाने का तर्क इसलिए पूरी तरह अनुचित नहीं कहा जा सकता। एक स्थायी आय मॉडल से छोटे भुगतान ऐप और नई कंपनियां भी बाजार में टिक सकेंगी, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। दूसरी ओर, यूपीआई की असाधारण सफलता का एक प्रमुख कारण उसका निशुल्क होना है। भुगतान की सुविधा के साथ शून्य लागत ने व्यापारियों को क्यूआर कोड अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसी से छोटे भुगतान भी तेजी से डिजिटल हुए और अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी। यदि शुल्क का दायरा धीरे-धीरे बढ़ता गया तो डिजिटल भुगतान की रफ्तार प्रभावित हो सकती है। 2,000 रुपये की सीमा भी व्यवहारगत विकृति पैदा कर सकती है। संभव है कि कुछ व्यापारी 2,000 रुपये से अधिक के एक भुगतान को दो हिस्सों में स्वीकार करने लगें। इससे व्यवस्था का उद्देश्य कमजोर होगा और लेन-देन की संख्या अनावश्यक रूप से बढ़ेगी। ऐसे व्यवहार को रोकने के लिए नियम स्पष्ट होने चाहिए, लेकिन निगरानी ऐसी भी न हो कि ईमानदार छोटे व्यापारियों पर अनुपालन का अतिरिक्त दबाव पड़ने लगे। व्यापारी को स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए कि किस लेन-देन पर कितना एमडीआर और जीएसटी काटा गया, राशि किसे मिली और उसे कितना शुद्ध भुगतान प्राप्त हुआ। शिकायत-निवारण की सरल व्यवस्था भी जरूरी है। गलत वर्गीकरण के कारण किसी छोटे व्यापारी से शुल्क कटे तो उसे समयबद्ध तरीके से वापस किया जाना चाहिए। यूपीआई को टिकाऊ बनाने और वित्तीय समावेशन की मौजूदा गति में व्यवधान न आए के बीच संतुलन साधना होगा। सरकार को नई व्यवस्था की समीक्षा करनी होगी, जिसमें यह देखना होगा कि शुल्क के बाद बड़े यूपीआई भुगतानों की संख्या घटी या नहीं, व्यापारी नकदी की ओर लौटे अथवा शुल्क परोक्ष रूप से ग्राहकों तक पहुंचा आदि और आए बदलाव के अनुकूल फैसला लेना होगा। एमडीआर से प्राप्त आय का एक हिस्सा साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी पीड़ितों की सहायता, ग्राहक सेवा और ग्रामीण डिजिटल बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाना चाहिए, ताकि शुल्क से इस प्रक्रिया को और भी सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सके।

**चिंता**

बलकार सिंह पूनिया



# जलाशय सूखे, क्षमता घट रही मानसून के भरोसे कब तक?

गर्मी बढ़ते ही देश में पानी को लेकर चिंता बढ़ना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार चिंता का कारण केवल आसमान से होने वाली बारिश नहीं, बल्कि जमीन पर उपलब्ध पानी को संभालने की हमारी घटती क्षमता भी है। देश के प्रमुख जलाशयों में जलस्तर तेजी से नीचे जाना और दूसरी ओर उन्हीं जलाशयों की भंडारण क्षमता का गाद के कारण लगातार कम होते जाना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। सवाल यह नहीं है कि मानसून इस बार कितना अच्छा रहेगा, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि मानसून से मिलने वाले पानी को हम कितना बचा पाएंगे। केंद्रीय जल आयोग 166 प्रमुख जलाशयों के जलस्तर की नियमित निगरानी करता है। इन जलाशयों की कुल लाइव स्टोरेज क्षमता 183.565 अरब घन मीटर है। समाचार में उद्धृत मध्य-मई की स्थिति के अनुसार इनमें करीब 63 बीसीएम पानी ही बचा था, यानी लगभग 34.45 प्रतिशत। इसका अर्थ साफ है कि गर्मी के चरम दौर में देश के प्रमुख जलाशयों का लगभग दो-तिहाई भंडारण खाली हो चुका था। कई राज्यों में स्थिति इससे भी अधिक चिंताजनक रही और अनेक बांधों में पानी 40 से 50 प्रतिशत से नीचे पहुंच गया, लेकिन देश की जल समस्या का शायद सबसे गंभीर और अपेक्षाकृत कम चर्चित पहलू जलाशयों में लगातार बढ़ती गाद है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा तैयार 'भारत में जलाशयों में गाद जमाव संबंधी संकलन-2024' में 548 जलाशयों के आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 439 जलाशयों के आंकड़े विश्लेषण के लिए उपयुक्त पाए गए। अध्ययन के अनुसार, इन 439 जलाशयों की सकल भंडारण क्षमता में गाद जमने के कारण औसतन 19.24 प्रतिशत की कमी हो चुकी है। वहीं, जलाशयों की भंडारण क्षमता में प्रत्येक वर्ष औसतन 0.74 प्रतिशत की कमीदर्ज की जा रही है। यह आंकड़ा भविष्य की भयावह तस्वीर समझने के लिए पर्याप्त है। यदि जलाशय में पानी पहुंचाने वाली नदियां और बरसाती धाराएं अपने साथ मिट्टी और तलछट लाती रहें तथा जलाशयों में गाद जमा होती रहे, तो कुछ वर्षों बाद अच्छी बारिश होने पर भी हमारे पास पानी रखने की पर्याप्त क्षमता नहीं होगी। यानी एक तरफ वर्षा की अनिश्चितता और दूसरी तरफ घटती भंडारण क्षमता। देश एक साथ दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है। और यह समस्या पुराने जलाशयों में अधिक गंभीर हो सकती है। राष्ट्रीय रजिस्टर ऑफ स्पेसिफाइड डैम्स 2025 के अनुसार देश में 6,628 निर्दिष्ट बड़े बांध हैं। इनमें 6,545 बांध पूर्ण और कार्यशील हैं तथा 83 निर्माणाधीन हैं। इन बांधों की सकल जल भंडारण क्षमता करीब 330 अरब घन मीटर है। इनमें से 1,681 बांध 50 वर्ष से अधिक पुराने हैं और 291 बांध 100 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। यानी देश के लगभग 26 प्रतिशत निर्दिष्ट बांध आधी सदी से अधिक पुराने हैं। उम्र अपने आप में किसी बांध को असुरक्षित नहीं बनाती, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ संरचनात्मक रखरखाव, जलाशय की क्षमता, गाद, जलग्रहण क्षेत्र में बदलाव और संचालन व्यवस्था की नियमित समीक्षा अधिक जरूरी हो जाती है। सरकार के अनुसार, वर्ष 2025 में 6,524 बांधों का मानसून-पूर्व और 6,553 बांधों का मानसून-पश्चात निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद तीन बांधों को सबसे गंभीर श्रेणी-1 (कैटेगरी-1) तथा 216 बांधों को श्रेणी-2 (कैटेगरी-2) में रखा गया। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि बांधों की सुरक्षा को केवल उनके निर्माण के समय ही नहीं, बल्कि उनके पूरे जीवन-चक्र के दौरान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। नियमित निरीक्षण, समयबद्ध रखरखाव और आवश्यकतानुसार पुनर्वास से ही बांधों की सुरक्षा और उनकी उपयोगिता लंबे समय तक सुनिश्चित की जा सकती है। भारत ने बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 और बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना जैसे कदमों के माध्यम से इस दिशा में संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि इन व्यवस्थाओं का प्रभाव राज्यों और स्थानीय स्तर पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। दरअसल, जल संकट का स्थायी समाधान केवल मानसून की अच्छी बारिश नहीं है। मानसून निश्चित रूप से राहत देगा,

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित

**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित

**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर-भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बुढ़ापा भी सुरक्षित करे सरकार

हाल ही में जो केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अर्थात ईपीएफओ के लिए जो वेतन की सीमा पंद्रह हजार से बढ़ाकर पच्चीस हजार की, उससे देश के उन करोड़ों लोगों को फायदा हो सकता है जो प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं। सरकार के इस फैसले से बहुत से लोगों को यह भी फायदा होगा कि इससे लोगों की पेंशन में भी मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, सरकार को प्राइवेट सेक्टर में रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों के लिए ऐसे ही सराहनीय फैसले लेने चाहिए, ताकि युवाओं का क्रेज प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों के प्रति भी वैसे ही बढ़े जैसे कि सरकारी नौकरियों के प्रति है। इसके अलावा सरकार से यह निवेदन है कि वह वृद्ध हो चुके लोगों के लिए पेंशन की कोई योजना लेकर आए।

*- शरद वर्मा, जगदलपुर*

## X ट्रेंड

### कांग्रेस जोकर्स की पार्टी



कांग्रेस कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं। रेस्ट इन पीस। राहुल और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए है। उसे अच्छे बुरे का कोई ख्याल नहीं है। **-किरेन रिजिजू**, केंद्रीय मंत्री

### हॉस्टल के लिए पैसा नहीं



इंदौर में एक छात्रा ने मुझसे पूछा, सरकार के पास दीया जलाने के लिए पैसा है, हॉस्टल के लिए क्यों नही? गांव से शहर पढ़ने आने वाली छात्राओं को हॉस्टल नही मिलने पर पीजी मे रहना पड़ता है। किराए और सुरक्षित रहने का खर्च इतना ज्यादा है कि कई लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती है। **-राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद

### अरावली पर गंभीर खतरा



खनन, रियल एस्टेट व अन्य परियोजनाओं की अनुमति देने के लिए अरावली को फिर से परिभाषित करने के मोदी सरकार के कदमों से इस पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। प्रधान न्यायाधीश के नौ फरवरी 2027 को सेवानिवृत्त होने से पहले, हमें शायद पता चल जाएगा कि इन कदमों का क्या होता है। **-जयराम रमेश**, कांग्रेस महासचिव

### राहुल पर सवाल



राहुल गांधी की राजनीति उस स्तर पर पहुंच गई है जहां एक बुजुर्ग महिला के प्रति सम्मान भी मजाक का विषय बन जाता है। पीएम मोदी ने भीड़ में एक महिला को खड़े देखा, अपना भाषण रोका व यह सुनिश्चित किया कि उन्हें कुर्सी दी जाए। यही संस्कार है। यही गरिमा है। यही लोगों के प्रति सम्मान है। **-मोहन चरण माझी**, सीएम ओडिशा

## करंट अफेयर

### सबसे कठिन समय में भी नई शुरुआत की संभावनाएं



अपनी नयी किताब को लेकर उत्साहित भारतीय-अमेरिकी प्रसिद्ध लेखिका मोनिका सैगल को उम्मीद है कि 'नए सिरे से शुरुआत और दूसरे अवसरों'' का उनका संदेश पाठकों को पसंद आएगा। सैगल की इस किताब में सबसे कठिन समय में भी नयी शुरुआत की संभावनाओं की तलाश की गई है। सैगल की 14वीं किताब 'द लोटस ब्लूम्स ट्वाइस : स्टोरीज ऑफ लव, लाइफ एंड रिडेम्पशन' का विमोचन एक अक्टूबर को होगा। यह किताब नए सिरे से जीवन शुरू करने और दूसरे अवसरों पर आधारित लघु कथाओं का संग्रह है

## ऑफ बीट

### कैसे पता करें एआई का जवाब भरोसेमंद है या नहीं ?



हाल ही में मैंने गूगल पर एक सीधा-सा सवाल टाइप किया कि किशोरों के लिए कितना 'स्क्रीन टाइम' बहुत ज्यादा माना जाता है? कई वर्षों से गूगल ऐसे सवालों के जवाब में वेबसाइट्स के लिंक दिखाता आया है, लेकिन इस बार उसने सीधे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार किया हुआ जवाब दिया। एआई ने एक संख्या बताई, लेकिन साथ ही जवाब को जटिल बनाते हुए यह भी समझाया कि स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय की अवधि से ज्यादा महत्वपूर्ण यह हो सकता है कि उस समय का इस्तेमाल किस तरह और किस संतुलन के साथ किया जा रहा है। उसने यह भी कहा कि 'बहुत ज्यादा'' स्क्रीन टाइम इस बात पर निर्भर कर सकता है

संक्षेप

## आपसी विवाद में दो पक्ष भिड़े, मारपीट का आरोप, चार पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार/फैजान

फखरपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र के बेदौरा गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। घटना के बाद गांव में कुछ देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही ।पुलिस को दी गई तहरीर में तरन्नुम जहां पत्नी रईस निवासी बेदौरा ने आरोप लगाया कि 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे पारिवारिक मामले को लेकर साबिर, कलीम, अयूब और मोहम्मद वारिस से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया ।मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग कराया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर फखरपुर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

### अमेठी में ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया

अमेठी, शाम घर से निकले युवक का शव सोमवार सुबह घर से करीब 300 मीटर दूर बाईपास किनारे खेत में पड़ा मिला। युवक की मौत हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। जमीन से करीब 7 फीट ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि लाइन हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मृतक की पहचान खेरौना गांव निवासी मुन्नालाल प्रजापति (35) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक मुन्नालाल रविवार शाम करीब 5 बजे घर से निकला था। वह खेतों को जानवरों से बचाने के लिए कटीली झाड़ियां लेने बाईपास के किनारे स्थित खेत की ओर गया था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के इलाकों और खेतों में खोजबीन की गई, लेकिन मुन्नालाल का कोई पता नहीं चला। सुबह खेत में पड़ा मिला शव सोमवार सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों की नजर खेत में पड़े शव पर पड़ी। शव घर से करीब 300 मीटर दूर बाईपास के किनारे मिला। सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। ग्रामीणों के मुताबिक मुन्नालाल हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, जिससे उसकी मौत हुई। हालांकि मौत की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। जमीन से 7 फीट ऊपर है हाईटेंशन लाइन ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह शव मिला, वहां हाईटेंशन लाइन जमीन से करीब 7 फीट की ऊंचाई पर है। इसी को लेकर ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# FLN एवं NCERT पुस्तक आधारित पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शुरू

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) बाबागंज में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा पुस्तक आधारित पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के चतुर्थ चरण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी राधे श्याम वर्मा के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राधे श्याम वर्मा ने कहा कि बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को मजबूत करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। इसके लिए सभी शिक्षक प्रशिक्षण को पूरी तन्मयता एवं गंभीरता से प्राप्त करें तथा प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं शिक्षण रणनीतियों का प्रभावी उपयोग विद्यालयों में करें, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षा प्रदान की जा सके।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की अवधारणा, भाषा एवं गणित की आधारभूत दक्षताओं, नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिचर्स एंड ट्रेनिंग की नवीन पाठ्यपुस्तकों तथा उनके अनुरूप प्रभावी शिक्षण-अधिगम की रणनीतियों से अवगत कराया जा रहा है। प्रत्येक शिफ्ट में 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में संदर्भदाता शैलेन्द्र कुमार, विमल अग्निहोत्री, अभिषेक कुमार मौर्या, जितेंद्र बहादुर पटेल, अब्दुल कदीर जी के द्वारा विभिन्न विषयों एवं गतिविधियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को गतिविधि आधारित, बाल-केंद्रित एवं आनंददायी शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन टीम के ब्लॉक समन्वयक संदीप सोनकर, तकनीकी सहायक राजू खान, फिरोज खान, सहित समस्त प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा प्रभावी शिक्षण के लिए उपयोगी रणनीतियों पर चर्चा की।

# गरीबों का राशन बेचने वाले कोटेदार पर मुकदमा पंजीकृत, कार्यवाही शुरू

### सौ कुंतल चावल, सत्तर कुंतल गेहूं तथा एक कुंतल चीनी का किया गबन

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



मोतीपुर, बहराइच। सरकार एक तरफ गरीबों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराकर उनकी भूख मिटाने का कार्य कर रही है वही कोटेदारों द्वारा गरीबों का राशन गबन कर लाखों रुपए का घोटाला किया जा रहा है ।तहसील व ब्लाक मिहींपुरवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत आंबा के मजरा आंबा भवानीपुर तेलागौढी निवासी बलविंदर कौर, मुस्ताक अली, आसिया बानो, रुबी, नूर जहां, गायत्री देवी सहित कई ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर आरोप लगाया था की कोटेदार जमील अहमद अंगूठा लगवाने के बाद राशन नहीं देता है। आजकल देने के लिए दौड़ाता रहता है राशन न देने का कारण पूंछने पर राशन कार्ड धारकों के साथ अभद्रता और मारपीट करता है। शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों सहित पूर्ति निरीक्षक मिहींपुरवा से की थी जिसकी जांच पिछले दिनों की गई जांच में आरोप सत्य पाए गए। सौ कुंतल चावल सत्तर कुंतल गेहूं तथा एक कुंतल चीनी का गबन का मामला जांच में सामने आया जिसकी रिपोर्ट तैयार कर पूर्ति निरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने उच्च अधिकारियों को प्रस्तुत की इसके बाद सोमवार को पूर्ति निरीक्षक ने थाना सुजौली में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करवाया। आपको बताते चले की आंबा ग्राम पंचायत में पात्र गृहस्थी के 796 तथा अंत्योदय के 107 राशन कार्ड धारक है। पूर्ति निरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आंबा के कोटेदार जमील अहमद के ऊपर घोटाले का आरोप था जिसकी जांच की गई जांच में आरोप सत्य पाए गए इसके बाद कोटेदार के ऊपर सुजौली थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## सुजौली में चोरी की मोटरसाइकिल व तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

### दोनों अभियुक्तों पर दर्ज है दर्जनों मुकदमे

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



मोतीपुर, बहराइच। सुजौली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है जहां चोरी की एक मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है इन दोनों अभियुक्तों पर जनपद बहराइच तथा राजधानी लखनऊ में की गई घटनाओं में दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थानाध्यक्ष राम गोविंद वर्मा के नेतृत्व में दरोगा सुमित कुमार मंजेश कुमार विपिन कुमार सिपाही शैलेश कुमार फिरोज खान की टीम चेकिंग अभियान में जुटी थी इसी बीच बजाज पल्सर मोटरसाइकिल से दो युवक आते दिखाई दिए जिन्हें रोक कर जांच की गई तो मोटरसाइकिल चोरी की निकली और तलाशी लेने पर एक अवैध देसी तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्तों में विनोद कुमार गौतम पुत्र सीताराम (24 वर्ष) निवासी मोहकम पुरवा चफरिया थाना सुजौली तथा रंचीत मौर्य पुत्र मनीराम मौर्या (26 वर्ष )निवासी बरदहा कला थाना खैरीघाट। विनोद कुमार गौतम के ऊपर लखनऊ में 11 अपराधिक घटनाएं की गई है जहां विभिन्न धाराओं में 11 मुकदमे पंजीकृत हैं। वहीं रंजीत मौर्य के ऊपर भी 11 आपराधिक मुकदमे बहराइच तथा राजधानी लखनऊ में की गई आपराधिक गतिविधियों में पंजीकृत हैं। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत पूरे जिले में कार्यवाही की जा रही है। इसी दौरान सुजौली पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से एक अवैध तमंचा भी बरामद हुआ है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## मेरे सपनों का भारत में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

### चित्र प्रतियोगिता में रवि कुमार प्रथम और गुलशन ने हासिल किया द्वितीय स्थान

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर पर प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा प्रथम में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्र प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चित्रों के माध्यम से भारत के भावी स्वरूप को उकेरा। बच्चों ने स्वच्छ, सुंदर, शिक्षित, विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को रंगों के जरिए आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्शीगांव के छात्र रवि कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा की छात्रा गुलशन द्वितीय स्थान पर रहीं। दोनों विजेताओं को पुरस्कार एवं शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को भी शैक्षिक सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक आनंद भूषण मिश्रा, अविराज सैनी, फरीद अहमद, मोहम्मद कौसर, नीरज कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, अभिषेक पाण्डेय, सजल मिश्रा, श्वेता, ब्रजेश मौर्य तथा पवन कुमार उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ इकाई नवाबगंज (बहराइच) की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक हितों की रक्षा, विभागीय समस्याओं पर चर्चा करना तथा खंड शिक्षा अधिकारी को अपनी जायज मांगों के संबंध में विज्ञापन/ज्ञापन सौंपनें की रणनीति बनाई गई। वेतन एवं एरियर, शिक्षकों के रुके हुए वेतन, एरियर और बोनस का समय से भुगतान सुनिश्चित कराना ।पदोन्नति, जूनियर हाई स्कूल शिक्षकों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द पूरा कराना, अवकाश स्वीकृति, बाल्य देखभाल अवकाश, चिकित्सा अवकाश और अर्जित अवकाश को बिना किसी मानसिक उत्पीड़न के ससमय स्वीकृत करना, स्थानीय समस्याएं ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों के जीपीएफ, एनपीएस, पासबुक और अन्य अभिलेखों का अद्यतनीकरण कराना, परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के लिए भयमुक्त और सम्मानजनक कार्य वातावरण




सुनिश्चित करना, संगठन और शिक्षक समाज की मजबूती के लिए आप सभी जागरूक साथियों की उपस्थिति अत्यंत अनिवार्य है। आपकी एकजुटता ही हमारी ताकत है। अतः आप सभी सम्मानित शिक्षक साथियों से सानुरोध प्रार्थना है कि नियत समय और स्थान पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनानें की अपील की गई।

# साइबर क्राइम का शिकार हुए युवक की वापस हुई धनराशि

### प्रशासन में प्रभावी कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 75000 कराए वापस

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन पर एवं जाफरगंज क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण के आधार पर चांदपुर थाना प्रशासन एवं साइबर टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चंद दिनों में ही साइबर फ्रॉड का शिकार हुए युवक को न्याय दिया जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखनीपुर गांव निवासी पीड़ित राम सिंह पुत्र नकुल सिंह ने विगत दिनों में शिकायत की थी कि उसके खाते से 75000 साइबर क्राइम के द्वारा फ्रॉड करते हुए निकाल लिए गए हैं जहां साइबर टीम ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की सहायता से पीड़ित द्वारा की गई शिकायत की शिकायत संख्या पर प्रभावी कार्रवाई किया वहीं पीड़ित राम सिंह के खाते में पुनः 75000 वापस कराए गए पीड़ित ने जनपद के प्रशासन समेत स्थानीय थाना प्रशासन तथा साइबर टीम का आभार व्यक्त किया इस मुहिम में चांदपुर थाना अध्यक्ष वृंदावन राय वरिष्ठ उप निरीक्षक सौरभ कुमार पाण्डेय आरक्षी नरेंद्र विकास कुमार आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लेकर विद्यालयों का भ्रमण

### शिक्षकों को नवाचारी गतिविधियों के लिए किया प्रेरित

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के भाषा तथा गणितीय कौशलों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विकास खंड मिहींपुरवा के विभिन्न विद्यालयों का अकादमिक भ्रमण किया गया। भ्रमण दल ने कक्षा-कक्षों में जारी शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया। ?शैक्षणिक भ्रमण के दौरान ए.आर.पी. प्रदीप नारायण सिंह के साथ प्राथमिक विद्यालय गोपिया, कंपोजिट विद्यालय सीताराम पुरवा एवं कंपोजिट विद्यालय चफरिया की कक्षाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिक्षकों के साथ अकादमिक संवाद स्थापित करते हुए निपुण भारत मिशन के 10-पॉइंट टूलकिट, शिक्षक संदर्शिका के नियमित उपयोग तथा निपुण प्लस ऐप के माध्यम से बच्चों के सतत आकलन व प्रगति दर्ज करने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। शिक्षकों को बाल-केंद्रित शिक्षण, गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई और प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता के अनुसार शैक्षणिक सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

?इसी श्रृंखला में पी.एम. श्री कंपोजिट विद्यालय सुजौली का भी भ्रमण किया गया। यहाँ भ्रमण दल ने प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह सहित शिक्षकगण अजय कुमार सोनकर, संदीप कुमार तिवारी, अरुण सिंह, शिशिर कुमार वर्मा, अरुण कुमार मिश्रा, मगन बिहारी सिंह, कमलेश कुमार पाण्डेय, बृजेश कुमार सिंह, प्रदीप पाठक, राम सुमिरन, आशीष कुमार, शैलेश कुमार एवं सुशांत राज से विद्यालय में अपनाए जा रहे शैक्षणिक नवाचारों और शिक्षण पद्धतियों पर विचार-विमर्श किया गया। ?इस अवसर पर लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (LLF) की ओर से राज्य गणित विशेषज्ञ विकास शर्मा, जिला प्रोग्राम मैनेजर राहुल सिंह चौहान, जिला अकादमिक समन्वयक देवब्रत सिंह एवं ब्लॉक अकादमिक समन्वयक जितेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

भ्रमण दल के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य धरातल पर चल रही शैक्षणिक गतिविधियों को समझना, शिक्षकों के जमीनी अनुभवों व चुनौतियों को साझा करना तथा निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करना है।

## कैसरगंज बस स्टेशन पर बुलेट की टक्कर से मजदूर घायल, पुलिसकर्मी पर मौके से भागने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज बस स्टेशन के पास सड़क पार कर रहे 45 वर्षीय मजदूर को तेज रफ्तार बुलेट ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान राजा राम पुत्र संतराम, निवासी मंगल मेला, थाना कैसरगंज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजा राम कैसरगंज में मजदूरी करने आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुलेट पर सवार व्यक्ति पुलिसकर्मी बताया जा रहा है और वह कैसरगंज थाने में तैनात है। आरोप है कि टक्कर के बाद घायल सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन उसकी मदद करने या अस्पताल पहुंचाने के बजाय बुलेट सवार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल की मदद की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर काफी जोरदार थी, जिससे राजा राम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि बुलेट सवार पुलिसकर्मी था तो घायल की मदद करना उसकी जिम्मेदारी थी। मामले में पुलिस विभाग की ओर से घटना और पुलिसकर्मी की पहचान की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## रूपईडीहा पुलिस ने 51 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

### रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, मोटरसाइकिल और नेपाली मुद्रा भी बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक युवक को 51 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, 2485 नेपाली रुपये और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई ।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने 20 सितंबर की रात करीब 50 मीटर भारत की ओर संदिग्ध युवक को पकड़ा ।तलाशी के दौरान उसके पास से 51 ग्राम स्मैक, एक अदद मोबाइल वीवो वी-60ई, 2485 नेपाली रुपये तथा मोटरसाइकिल संख्या UP40A7831 बरामद हुई ।गिरफ्तार युवक की पहचान मुकीम अहमद पुत्र मसीर अहमद, उम्र करीब 34 वर्ष, निवासी बेलदारन टोला, वार्ड नंबर 20, नानपारा के रूप में हुई है ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रुपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय बहराइच भेज दिया।

## नवागत डीएम का पंचायत विकास मंच ने किया स्वागत, सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद में नवागत जिलाधिकारी श्री राजेश कुमार पाण्डे के कार्यभार ग्रहण करने पर पंचायत विकास मंच, बहराइच के प्रतिनिधिमंडल ने संयोजक सूरज शुक्ला एवं सह-संयोजक डॉ. श्याम चौधरी के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मंच की ओर से ग्राम पंचायतों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में मनरेगा के अंतर्गत लंबे समय से लंबित सामग्री मद के भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र जारी कराने तथा FTO, PFMS सहित तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं का समयबद्ध समाधान कराने की मांग की गई। मंच ने कहा कि लंबित भुगतान के कारण ग्राम पंचायतों के साथ-साथ सामग्री आपूर्तिकताओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने पुराने लंबित भुगतानों के शीघ्र निस्तारण और भुगतान प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने की मांग उठाई। इस अवसर पर प्रधान मंगल दास, रंजीत दास, बाराती लाल वर्मा, राम छबीले निषाद, राम कोमल निषाद, अफ्फान खान, अवसान गिरि, शिवकुमार तिवारी, विक्रम यादव, सलमान खान, मो. वसीम, अनिल लोधी, इरफान अहमद, संतराम वर्मा, सचिन मौर्या सहित मंच के पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने नवागत जिलाधिकारी से ग्राम पंचायतों से जुड़े विषयों के समाधान में सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई।

## संक्षेप

### 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ा गया, काफी समय से गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा था**

बागपत , सिंघावली अहीर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश ओमवीर को गिरफ्तार किया है। बिहारीपुर गांव निवासी ओमवीर काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने शाम चेकिंग अभियान के दौरान उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर रविवार शाम अपराधियों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। जांच में उसकी पहचान ओमवीर के रूप में हुई। गैंगस्टर एक्ट में दर्ज था मामला पुलिस के मुताबिक, ओमवीर के खिलाफ बागपत शहर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रोका तो उसकी पहचान होने के बाद टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने रिकॉर्ड खंगालने के बाद पुष्टि की कि पकड़ा गया व्यक्ति गैंगस्टर एक्ट में वांछित और इनामी आरोपी ओमवीर ही है। थाना प्रभारी बोले- आगे की जांच जारी थाना प्रभारी सूर्यदीप ने बताया कि गैंगस्टर अधिनियम में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी ओमवीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब उसके आपराधिक रिकॉर्ड और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

### 2 दोस्तों की हत्या का आरोपी महंत कोलकाता से गिरफ्तार

**भिक्षुक बनकर मंदिर के आसपास घूम रहा था, पुलिस रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ**

बागपत,लहचौड़ा गांव में दो दोस्तों अंकित और इसरार की हत्या के आरोपी महंत नरेश नाथ को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। वह भिक्षुक बनकर मंदिर के आसपास घूम रहा था। पुलिस ने शनिवार को उसे पकड़ा और रविवार को बागपत कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। चांदीनगर पुलिस जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। 25 जुलाई को लापता हुए थे दोनों दोस्त अंकित और इसरार 25 जुलाई को सिंगोली तगा गांव से लापता हो गए थे। 13 अगस्त को मंदिर परिसर में गड्ढा खोदकर उनके शव निकाले गए थे। आरोप है कि महंत नरेश नाथ ने अपने दो शिष्यों के साथ मिलकर दोनों की हत्या की थी। पुलिस पहले ही दोनों शिष्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। कई राज्यों में की जा रही थी तलाशमहंत की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब सहित कई राज्यों में तलाश कर रही थी। आखिरकार उसे कोलकाता से गिरफ्तार किया गया। थाना चांदीनगर प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर बागपत लाया गया था। रविवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जल्द ही उसे पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई की मांगदोनों दोस्तों की हत्या के मामले में ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# हर्षोल्लास के साथ महामहोत्सव का हुआ समापन भक्तों ने गणपति बप्पा को किया विसर्जित

अमन लेखनी समाचार

नौबस्ता। महानगर के बौद्ध नगर पुरानी बस्ती धोबिन पुलिया में चल रहे भगवान गणपति बप्पा के द्वितीय महा महोत्सव के सप्त दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन धूमधाम से किया गया समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश कुमार जीतेंद्र गुप्ता रवि कुमार सूरज मनीष श्रीमती आकांक्षा कुशवाहा पत्नी रोहित कुशवाहा रजनी शुक्ला आदि प्रमुख यजमानों ने प्रातः काल भगवान गणपति बप्पा का वैदिक पूजन करते हुए यज्ञ कार्य प्रारंभ किया अनुष्ठान की पूणाहुति के पश्चात महा आरती संपन्न हो गई जहां महा आरती के बाद सभी भक्तगणों में गणपति बप्पा की अश्रुपूरित विदाई की विसर्जन यात्रा बाजे गाजे ढोल नगाड़े डीजे के साथ



निकाली गई जहां भक्तों ने अबीर गुलाल भगवान गणपति को अर्पित करते हुए एक दूसरे को लगाकर हर्षोल्लास मनाया गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना आदि जयकारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा वही विसर्जन यात्रा बौद्ध नगर की प्रमुख गलियों से होते हुए कानपुर नगर के प्रसिद्ध गंगा ड्योढ़ी घाट पहुंची जहां भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भगवान गणपति बप्पा का विसर्जन करते हुए अपनी-अपनी मनोकामनाएं मांगी समूचे धार्मिक अनुष्ठान में बौद्ध नगर के सभी नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा जहां प्रातः काल से देर रात्रि तक अनवरत धार्मिकता की बयार बहती रही वहीं देर शाम कल सभी भक्तगणों ने विसर्जन कर भगवान गणपति बप्पा से आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर समिति के सदस्य अनमोल सूरज नीरज प्रियांशु रवि उर्फ कल्लू सनी उर्फ गोरे अंश कृष्णा अनुज वर्मा कनिष्क शुक्ल अंबुज शुक्ल रामजी गुप्ता गोलू पाण्डेय परी गुप्ता रीता देवी रेनू गुप्ता ज्योती रंजना रानी छोटीबिट्टी बबिता गुप्ता सुनीता गुप्ता दीपिका अलका आरती कोमल उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में कार्यरत रहे सुरेंद्र कुशवाहा देवीदीन समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे

# निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष बने योगेंद्र सिंह महामंत्री दयाराम गौतम तथा कोषाध्यक्ष मधुसूदन सिंह

**प्राथमिक शिक्षक संघ अमौली के चुनाव में अंगद के पैर की तरह जमा तिवारी गुट**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न हुआ कराए गए चुनाव में ब्लॉक मुख्यालय परिसर अंतर्गत एक बार फिर से विनय तिवारी गुट को विजय हासिल हुई चुनाव प्रक्रिया में जिला संगठन से पहुंचे पर्यवेक्षक असोथर ब्लाक अध्यक्ष अनुराग मिश्रा भिटौरा ब्लाक अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने अगुवाई करते हुए चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई अच्छे क्रियाकलापों और कार्य कुशलता देखते हुए सभी लोगों ने एक स्वर से निर्विरोध वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गोली को पुनः



नवीन सत्र का पदभार ग्रहण कराने की आवाज उठाई वही निर्विरोध रूप में महामंत्री दयाराम गौतम तथा कोषाध्यक्ष मधुसूदन सिंह सचान को मनोनीत किया चुनाव प्रक्रिया में समूचे विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के मौजूदा शिक्षकों ने पदाधिकारियों की कार्य कुशलता को देखते हुए तीनों पदाधिकारियों को निर्विरोध चुन लिया एक बार फिर से तिवारी गुट के तीनों पदाधिकारियों ने कार्यभार संभालते हुए पर्यवेक्षक समेत सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया वही पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में कहा कि पूर्व काल में शिक्षकों के हित में ही कार्य किया गया है और आगे भी संगठन तन्मयता से समर्पित रहेगा इस मौके पर चुनाव प्रक्रिया के पश्चात सभी समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया वहीं एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए सभी ने प्रसन्नता जाहिर की इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर के प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी सौरव सचान माधव सिंह प्रतिमा उमराव अशोक बाजपेई लक्ष्मी शंकर मिश्रा तथा प्रधानाध्यापक कमल किशोर समेत भारी संख्या में शिक्षक समुदाय मौजूद रहा

## ब्रांड एंबेसडर बनी अलका सिंह आरपीएल सीजन 3 का हुआ आगाज

**पूर्व नेशनल खिलाड़ी अलका सिंह ने कोर कमेटी के साथ की बैठक**

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत प्रदेश स्तरीय क्रिकेट महाभारत का आगाज हुआ विधानसभा क्षेत्र के बुढ़वां ग्राउंड में विगत वर्ष की तरह इस वर्ष की आरपीएल लीग क्रिकेट मैच सीजन 3 में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे वहीं समिति के चेयरमैन राजेश कुमार उत्तम वाइस चेयरमैन अविराम मिश्र उर्फ मोनू आदि द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आरपीएल लीग क्रिकेट मैच की महत्वपूर्ण भूमिका देते हुए पूर्व नेशनल खिलाड़ी एवं वर्तमान महिला क्रिकेट टीम की चयनकर्ता अलका सिंह को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया ब्रांड एंबेसडर अलका सिंह के साथ कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने बैठक की जहां समूचे सीजन 3 रीजनल प्रीमियर लीग मैच की कमान संभालते हुए अलका सिंह ने कोर कमेटी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया यह जानकारी जैसे ही समिति के अन्य पदाधिकारी व क्षेत्रवासियों को मिली तो सभी में खुशी की लहर दौड़ गई समिति के पदाधिकारी मोहम्मद हसन राजेश उत्तम मोनू मिश्रा



ब्रांड एंबेसडर अलका सिंह से बातचीत करते आरपीएल कोर कमेटी के पदाधिकारी गण

आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि आरपीएल क्रिकेट लीग मैच में कदम रखते हुए ब्रांड एंबेसडर अलका सिंह ने आने वाले महा मुकाबला को और रोचक बना दिया ब्रांड एंबेसडर से सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां तथा तकनीकी सहायता भी प्रदान होगी

# केमिकल की चपेट में आया युवक वेंटिलेटर पर

**अवैध प्रोसेसिंग का आरोप, मालिक फरार; परिजनों और ग्रामीणों ने किया हंगामा**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , परतापुर थाना क्षेत्र में भूड़बराल रजवाहे के पास एक गोदाम में अवैध केमिकल प्रोसेसिंग का आरोप लगा है। यहां देर शाम 26 साल का एक युवक केमिकल की चपेट में आ गया। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह वेंटिलेटर पर है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने गोदाम के बाहर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। भूड़बराल गांव का रहने वाला 26 वर्षीय आसिफ उर्फ राहुल नसीमुद्दीन का बेटा है और ट्रैक्टर चलाता है। गोदाम के कर्मचारियों ने उसे ड्रम से केमिकल निकालने के लिए बुलाया था। केमिकल निकालते समय आसिफ का पैर उसमें चला गया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसका शरीर नीला पड़ने लगा और उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। गोदाम कर्मचारियों ने आसिफ के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखकर उसे वेंटिलेटर पर रखा है। परिजनों के



अनुसार, उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण भी गोदाम के पास पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि गोदाम में चोरी-छिपे केमिकल से जुड़ा काम होता है। उनका कहना है कि रात में केमिकल जलाने से आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने गोदाम में हो रहे काम की जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन गोदाम के कर्मचारी और मालिक सोनू अग्रवाल तब तक फरार हो चुके थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार मालिक व कर्मचारियों की तलाश कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि गोदाम में किस तरह का केमिकल रखा और प्रोसेस किया जा रहा था। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इसके लिए कोई वैध अनुमति थी या नहीं।

## तेज बहाव में रिंद नदी में डूबा 11 वर्षीय किशोर, 18 घंटे बाद मिला शव

**एसडीआरएफ टीम के साथ पुलिस ने चलाया रेस्क्यू अभियान**

अमन लेखनी समाचार

निर्मित द्विवेदी

बिंदकी (फतेहपुर)। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नरैचा गांव में रविवार शाम रिंद नदी में नहाने के दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से 11 वर्षीय किशोर डूब गया। हादसे की सूचना मिलते ही खजुहा चौकी प्रभारी विवेकानंद मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू कराई। करीब 18 घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद सोमवार शाम लगभग 6:15 बजे किशोर का शव बरामद किया गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया जानकारी के अनुसार, नरैचा गांव निवासी छोटू कोरी का 11 वर्षीय पुत्र कौशल कोरी रविवार को अपने मित्रों के साथ रिंद नदी के पास गया था। बताया जा रहा है कि नदी में बहाव तेज था। इसी दौरान नहाते समय कौशल गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी खजुहा पुलिस को मिलते ही चौकी प्रभारी विवेकानंद मिश्रा अपने आरक्षी कुलदीप यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू की। रेस्क्यू अभियान में एसडीआरएफ की टीम को भी लगाया गया। नदी के तेज बहाव



के बीच लगातार खोजबीन की जाती रही। सोमवार शाम करीब 6:15 बजे किशोर का शव बरामद कर लिया गया।खजुहा चौकी प्रभारी विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गणपति विसर्जन में बवाल, थाने के सामने लात-घूंसे चले

**गाजियाबाद में दो पक्षों में डांस को लेकर कहासुनी; 3 घायल, 2 हिरासत में**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , साहिबाबाद में शाम गणपति विसर्जन यात्रा के दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते सड़क पर लात-घूंसे चलने लगे। करीब 200 मीटर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। बाद में दोनों पक्ष साहिबाबाद थाने के सामने पहुंच गए, जहां फिर मारपीट की कोशिश हुई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति संभाली। मारपीट में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। डीजे पर डांस को लेकर हुआ विवाद गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र में डीजे पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला झगड़े में बदल गया और थाने के सामने लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला और भीड़ को तितर-बितर किया। साहिबाबाद थाना




क्षेत्र की शनि के पास श्याम पार्क स्थित शहीद प्यारे लाल शर्मा कॉलोनी के कुछ लोग डीजे देखने पहुंचे थे। इसी दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर आपस में विवाद हो गया। जिसमें दो लोग को पुलिस ने मौके से हिरासत में लिया है।2 युवकों को हिरासत में लियाविवाद बढ़ने के बाद लोग थाने के सामने पहुंच गए, जहां भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों को अलग कराया और स्थिति को शांत कराया। मारपीट में घायल तीन लोगों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया, जिनके शरीर पर हल्की चोटें बताई गई हैं। मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना का कहना है कि पुलिस पूरे मामले में वीडियो के आधार पर जांच कर कार्रवाई कर रही है।

# अतुल प्रधान और इकरा हसन ने भाजपा पर साधा निशाना

**सरधना में डॉ. कलाम स्मृति कार्यक्रम, छात्राओं को बांटी साइकिलें**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ सरधना में र सपा विधायक अतुल प्रधान की अगुवाई में एक कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की याद में आयोजित किया गया था। इसमें विचार गोष्ठी, मेधावी छात्राओं का सम्मान और साइकिल वितरण शामिल था। कैराना सांसद इकरा हसन भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान सपा नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कार्यकताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए एकजुट होने को कहा।विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनी, तो जुल्म करने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सरधना क्षेत्र में



बिजलीघर, गंगनहर पटरी, मेरठ-करनाल फोरलेन और सरधना-नानू मार्ग जैसे कई विकास कार्य कराए हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर सरकारी स्कूल बंद करने, रोजगार छीनने और थाना-तहसील में भ्रष्टाचार होने के आरोप भी लगाए। प्रधान ने यह भी कहा कि सरकार बनने के पांच दिन के अंदर भ्रष्टाचार खत्म कर दिया जाएगा। अतुल प्रधान ने भाजपा नेताओं पर अभद्र भाषा और धर्म-जाति की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर की समता और समानता की विचारधारा को पीडीए के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटवाने का भी दावा किया। प्रधान ने अपने राजनीतिक विरोधी संगीत सोम का नाम लेते हुए कहा कि उनकी 20 साल से राजनीतिक लड़ाई चल रही है, लेकिन वह कभी घबराए नहीं।सांसद इकरा हसन ने डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। उन्होंने छात्राओं से मेहनत कर आगे बढ़ने और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील की। इकरा हसन ने साइकिल को आगे बढ़ने की चाबी बताया और अतुल प्रधान का समर्थन करने को कहा। कार्यक्रम के आखिर में छात्राओं को साइकिलें बांटी गईं।

## चोरी की बाइक, तमंचा-कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**पुलिस ने मिजार्पुर कट से पकड़ा, शौक पूरा करने के लिए करते थे चोरी**

अमन लेखनी समाचार




जेवर,ग्रेटर नोएडा की रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने शाम करीब 3 बजे यीडा के सेक्टर-18 स्थित मिजार्पुर कट से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो बाइक, 315 बोर का तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए इलाके में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। रविवार शाम पुलिस टीम मिजार्पुर कट पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान दो युवक अलग-अलग बाइकों पर आते दिखे। पुलिस को देखकर दोनों ने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से तमंचा, कारतूस और चाकू मिले। जांच में दोनों बाइक चोरी की निकलीं।

# 4 लोगों से 45 लाख की ठगी

**मुनाफे का झांसा दिया तो किसी को सीईओ बनकर जाल में फंसाया, केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से चार लोगों को अपना शिकार बनाया। किसी को कंपनी के सीईओ की फोटो लगाकर वॉट्सऐप पर गिफ्ट वाउचर खरीदने को कहा गया तो किसी को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच दिया गया। एक व्यक्ति के बैंक खातों से रकम निकाल ली गई, जबकि दूसरे को ऑनलाइन धमकी देकर पैसे लिए गए। चारों मामलों में कुल 45 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की शिकायत हुई है। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीईओ की फोटो लगाकर 5 लाख के वाउचर खरीदवाए

सेक्टर-100 के लोटस एस्पेशिया निवासी अनुभव गुप्ता ने बताया कि 2 अगस्त की शाम उन्हें अमेरिकी नंबर से वॉट्सऐप मैसेज और मिस्ड कॉल आया। सामने वाले ने उनकी कंपनी के सीईओ की फोटो लगा रखी थी। आरोपी ने




खुद को सीईओ बताया और एक क्लाइंट के लिए अमेजन से स्टीम वॉलेट रिचार्ज वाउचर खरीदने को कहा। आरोपी की बात पर भरोसा कर अनुभव ने 2500 रुपए के वाउचर खरीदने शुरू किए। उन्होंने 20 बार में कुल 5 लाख रुपए के वाउचर खरीद लिए। वाउचर भेजने के लिए आरोपी ने ईमेल आईडी भी दी। इसके बाद जब उसने और वाउचर खरीदने का दबाव बनाया तो अनुभव को ठगी का शक हुआ।

# कार ने 2 गाड़ियों को टक्कर मारी

**तीनों कारें क्षतिग्रस्त, 4 लोग घायल; रिश्तेदार के निधन पर शोक जताने आए थे**

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा , रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में शाम करीब 6 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। रबूपुरा-झाझर रोड पर महमदपुर गांव के पास एक अनियंत्रित कार ने पहले बराबर चल रही गाड़ी को टक्कर मारी। इसके बाद वह आगे चल रही दूसरी कार से जा भिड़ी। हादसे में तीनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं और चार लोग घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### बराबर चल रही कार में मारी टक्कर

खुर्जा के बड़ा गांव निवासी देवेंद्र पाल शर्मा ने बताया कि वह परिवार के




साथ रबूपुरा क्षेत्र के मिजार्पुर गांव में एक रिश्तेदार के निधन पर शोक जताने आए थे। दोपहर बाद वे दो कारों से वापस गांव लौट रहे थे। महमदपुर गांव के पास पहुंचने पर उनकी कार के बराबर में चल रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीसरी कार से भिड़ी टक्कर इतनी तेज थी कि देवेंद्र पाल की कार आगे चल रही एक अन्य गाड़ी से जा टकराई। हादसे में मकसूदपुर गांव निवासी रीकू, देवेंद्र पाल शर्मा समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का उद्देश्य – अनुपमा लोधी**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। सोमवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत गरौठा मंडल के ग्राम दुरखुरू स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में वृहद स्वास्थ्य शिविर एवं महिला जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अनुपमा सिंह लोधी रहीं। शिविर में दुरखुरू, डुमरई, हीरानगर और कचीर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार सोनी ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। एडीओ समाज कल्याण कुमकुम उदैनिया ने विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। वहीं एडीओ कृषि जनवेंद्र कुमार व कृष्णपाल यादव ने किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया। ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार वर्मा ने आवास, शौचालय सहित अन्य ग्राम पंचायत से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया। इसके अलावा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र अहिरवार, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह बुंदेला, मंडल उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला संयोजक मयंक गुप्ता, शक्ति केंद्र प्रभारी छत्रपाल पाल, मंडल मंत्री हरेंद्र प्रताप सिंह, बूथ अध्यक्ष जमुना प्रसाद, जितेंद्र सिंह टिंचू राजा, शैलेंद्र फौजी, विनोद राजपूत, पार्षद भारती अग्रवाल, विनीता आर्य सहित आंगनवाडी कार्यकत्री एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जाति तोड़ो, बहुजन समाज जोड़ो कार्यक्रम आयोजित



**अमन लेखनी समाचार**

मऊरानीपुर। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वावधान में रविवार को 'जाति तोड़ो, बहुजन समाज जोड़ो' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भीम आर्मी झांसी के जिला अध्यक्ष डॉ. रणजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष प्रेमचंद ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखंड प्रताप सिंह यादव, रोहित भैया, बशीर रजा खां एवं लखन पटेल मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने सहभागिता की। वक्ताओं ने सामाजिक एकता और बहुजन समाज को संगठित करने पर जोर दिया।

# मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता 2026 संपन्न , प्रज्ञा रही प्रथम

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच एवं नगर पंचायत ओबरा के संयुक्त तत्वावधान में ओबरा स्तरीय मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता, स्वच्छता जागरूकता अभियान सन 2026 संपन्न हुआ । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चांदनी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीतांजलि चौबे रही । मुख्य अतिथि ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्राएं अब सामाजिक रूप से हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। मेहंदी लगाने के हुनर को उनके जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह हुनर अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है, साथ ही साथ उन्होंने स्वच्छता के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता हर तरह से मन, कर्म और वचन से अपनानी चाहिए। स्वच्छता मानव के जीवन का मूल मंत्र है। नगर के लोग स्वच्छता को अपना करके ही स्वच्छता अभियान में ओबरा को प्रथम स्थान दिलवाए हैं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रज्ञा प्रथम, काजमा फिरदौस द्वितीय, सजरू जन्नत तृतीय के साथ-साथ इशिका, अनन्या शुक्ला, रागिनी जायसवाल, सावित्री राव, अंकिता , चांदनी बानो, अनन्या पाठक, जान्हवी जायसवाल, हमीदा परवीन एवं संध्या ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। गायकी में जोया एवं स्वच्छता अभियान के भाषण में कीर्ति कुमारी, ने नगद पुरस्कार हासिल किया। पुरस्कार प्राप्त कर छात्राओं के बीच उत्साह एवं उमंग का माहौल देखा गया। प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती आरती गोयल, श्रीमती लक्ष्मी सिंह, श्रीमती कुसुम कुमारी रही। मंच के संयोजक अशोक कुमार यादव एवं अध्यक्ष अनूप कुमार सेठ ने बताया कि हर वर्ष नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सोनांचल सेवा मंच अपने उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता के तहत कार्यक्रमों को करता रहता है जिससे बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहती है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा शर्मा ने सोनांचल सेवा मंच से जुड़ी हुई सभी महिलाओं का आवाहन किया कि वे सभी नारी सशक्तिकरण एवं स्वच्छता अभियान को नगर पंचायत के सौजन्य से आगे बढ़ाने में अपना सहयोग एवं सेवाएं दें। कार्यक्रम में सोनाचल सेवा मंच के कार्यवाहक अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा जी, महासचिव शमशेर खान, उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, छात्र नेता पवन यादव, पंजाब नेशनल बैंक के बलवंत सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

खास समाचार

# महिलाओं से अश्लील हरकत करने पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। कस्बे के मऊ बस स्टैंड पर राह चलती महिलाओं और युवतियों से अश्लील इशारे करने तथा अश्लील गाने सुनाने के आरोप में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। महिला उपनिरीक्षक रूबी सिंह की तहरीर पर शिवचरण पुत्र भगवानदास (40), निवासी मोहल्ला रामनगर, गरौठा के खिलाफ धारा 296 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं को परेशान करने का आरोप है। मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रतीक कुमार को सौंपी गई है। पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कानून तोड़ने वालों पर होगी सख्ती, पीड़ितों की सुनवाई को प्राथमिकता - प्रभारी निरीक्षक बीजपुर

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) बीजपुर थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने रविवार को थाना परिसर में स्थानीय पत्रकारों के साथ परिचयात्मक बैठक एवं पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध और स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेते हुए पुलिस एवं मीडिया के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा किसी के प्रभाव अथवा पहचान के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ितों और फरियादियों के लिए थाना के दरवाजे हमेशा खुले हैं। उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। मूल रूप से जौनपुर के निवासी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह इससे पूर्व सोनभद्र के जुगैल, म्योरपुर एवं ओबरा थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पत्रकारों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने का भरोसा दिया।

# जग ज्योति दरबार में हो रहा है सनातन परम्परा अनुसार श्री गणेश उत्सव का पूजन

प्रकृति की शक्ति कहलाते हैं भगवान गणेश के 32 रूप : महंत राजेंद्र पुरी।

संवाददाता। अश्विनी वालिया।

कुरुक्षेत्र। जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी ने रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में प्रथम आराध्य भगवान श्री गणेश एवं भगवान शिव परिवार का विधिवत सनातन परम्परा अनुसार पूजन किया। पूजन करने के उपरांत भजन संकीर्तन के अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी बताया कि सभी देवी देवताओं में भगवान श्री गणेश प्रथम पूज्य देवता, मंगलकारी, बुद्धिदाता और विन्घहर्ता कहलाते हैं। भगवान श्री गणेश को हम बप्पा, गणेशा, गणपति, एकदंत, लंबोदर आदि जैसे कई नामों से जानते हैं। उन्होंने कहा कि अनेक नामों के साथ ही भगवान के कई रूप भी हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने मुग्दल और गणेश पुराण में भगवान गणेश के 32 मंगलकारी रूपों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान गणेश के इन रूपों की अपनी विशेषता है और इन से महत्वपूर्ण प्रेरणा भी मिलती है। भजन संकीर्तन के उपरांत आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर नरेंद्र मदान, निखिल मदान, कान्हा मदान, रजत मदान, हार्दिक मदान, सुरेंद्र चौहान, कुलदीप चौहान, नागेंद्र सिंह, मनप्रीत कौर, नरेश कुमार, कन्हैया लाल, विजय राठी, अजय राठी, अक्षय राठी, मनप्रीत सिंह, मनोज कुमार, संजीव भारद्वाज, मनीषा, जयंती शर्मा व जगमोहन इत्यादि भी मौजूद रहे।

# बिना नंबर की पिकअप से लोहे के पाइप और एंगल बरामद

**, वाहन सहित 8.50 लाख की सामग्री जब्त**

**गोरबी चौकी पुलिस ने 35 पाइप और 7 लोहे के एंगल किए जब्त, चालक के पास नहीं मिले वैध दस्तावेज**

**अमन लेखनी समाचार**



सिंगरौली। कोयला, कबाड़ एवं डीजल की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरबी चौकी पुलिस ने बिना नंबर की पिकअप वाहन से लोहे की सामग्री बरामद कर वाहन सहित कुल 8.50 लाख रुपये की सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर 2026 को गोरबी तिराहा पर घेराबंदी कर बिना नंबर की पिकअप को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान वाहन से 35 नग लोहे के पाइप और 7 नग लोहे के एंगल बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। वहीं पिकअप वाहन की अनुमानित कीमत 8 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार वाहन चालक रिशु कुमार भारती, पिता अवध कुमार भारती, उम्र 20 वर्ष, निवासी चटका चंदपुर, थाना मोरवा, जिला सिंगरौली, लोहे की सामग्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस टीम ने ई-साक्ष्य के माध्यम से वीडियोग्राफी कराते हुए सामग्री और वाहन की विधिवत जब्ती की। आरोपी चालक को धारा 35(क) बीएनएसएस के तहत नोटिस तामील कराया गया। जब्त वाहन एवं सामग्री को सुरक्षार्थ गोरबी चौकी परिसर में खड़ा कराया गया। पुलिस के अनुसार वापसी पर इस्त. क्र. 01/2026, धारा 106 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शीतला यादव, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र रावत, सहायक उप निरीक्षक पिन्टू राय, प्रधान आरक्षक त्रिवेणी तिवारी एवं आरक्षक नरेन्द्र सिंह परमार की भूमिका रही।

# सड़क की पटरी पर वोल्डर सोलिंग की मांग

सपा नेताओं ने सौंप ज्ञापन

रेणुकूट। नगर की जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी रेणुकूट नगर कमेटी के पदाधिकारियों ने रविवार को एसडीएम दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान नगर की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की गई। पदाधिकारियों ने मदरसा से रेलवे स्टेशन तक सड़क के दोनों किनारों पर वोल्डर सोलिंग कराने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि उक्त मार्ग पर सड़क के दोनों किनारों की पटरी व्यवस्थित नहीं होने से राहगीरों को परेशानी होती है। पैदल चलने वालों को कई स्थानों पर मुख्य सड़क का सहारा लेना पड़ता है। बारिश के दिनों में पटरी पर कीचड़ और जलभराव तथा अन्य दिनों में धूल की समस्या रहती है। इससे राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भी आवागमन में दिक्कत होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन की ओर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क की दोनों पटरियों पर वोल्डर सोलिंग होने से राहगीरों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। पार्टी पदाधिकारियों ने जनहित में कार्य जल्द कराए जाने की मांग की।

# अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका सोनभद्र व नगर पंचायत चुर्क घुर्मा के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण,

**गुणवत्ता में कमी पर दिए कड़े निर्देश**

**निर्माण कार्यों में मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश, मंदिर व तालाब परिसरों की साफ–सफाई पर भी जोर।**

**निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप न मिलने पर कार्रवाई के निर्देश, परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के दिए निर्देश।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 19 सितम्बर 2026 को नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं नगर पंचायत चुर्क घुर्मा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रयुक्त सामग्री, साफ-सफाई तथा कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद सोनभद्र के वार्ड नं. 4 में वंदन योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन चण्डी माता मंदिर में अवस्थापना विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। मौके पर अवर अभियंता राजकुमार राज उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में तीन टिन शेड, बाउंड्री एवं गेट का निर्माण कराया गया है। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में फर्श पर कोटा स्टोन, सीसी रोड, प्रकाश व्यवस्था एवं खाली स्थानों पर पौधरोपण का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। मंदिर परिसर में जल निकासी के लिए अनावश्यक नाली निर्माण के स्थान पर परिसर को उचित ढाल देकर इस प्रकार विकसित करने के निर्देश दिए गए कि वर्षा एवं धुलाई का पानी स्वतः किनारे की ओर निकल सके। पत्थर एवं पेंटिंग का चयन मंदिर परिसर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए करने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर के बाहर रखी मोरम एवं गिट्टी की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी ने अवर अभियंता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में केवल मानक के अनुरूप मोटी अथवा मध्यम दर्जे की मोरम का ही प्रयोग किया जाए। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। इसी वार्ड में स्थित तालाब पर निमार्णाधीन घाट का भी निरीक्षण किया गया। तालाब के चारों भीटों पर पीचिंग का कार्य कराया गया है, जबकि वर्तमान में कार्य बंद पाया गया। तालाब में जलकुंभी एवं अन्य वनस्पतियां अधिक मात्रा में पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी ने तालाब की सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया जा सके। साथ ही सीढ़ियों के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही प्रयोग सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ होने पर इसकी सूचना देने के निर्देश दिए गए।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से दिखाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 25 वर्षों का सेवा सफर

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सेवा कार्यों एवं जनकल्याणकारी प्रयासों का किया गया जीवंत प्रस्तुतीकरण**

**बड़ी संख्या में जनमानस ने देखा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा कार्यों पर आधारित नुक्कड़ नाटक।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज मधुपुर, केकराही, करमा में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों के सेवा काल तथा इस दौरान किए गए विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों एवं विकासपरक प्रयासों को प्रभावी एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के सेवा सफर से जुड़े विभिन्न पहलुओं को संवाद, अभिनय एवं मंचन के माध्यम से जीवंत रूप प्रदान किया गया। कलाकारों ने जनसेवा, विकास और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनमानस एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने उत्साहपूर्वक नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के सेवा कार्यों से संबंधित प्रस्तुति को देखा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम जनसामान्य तक सेवा एवं जनकल्याण के संदेश को पहुंचाने की दिशा में प्रभावी पहल रहा।

# बघाडू प्रकरण पर जिला प्रशासन की कार्रवाई पर हाई कोर्ट की 'मुहर

**जनजातीय महिला द्वारा धर्मांतरण के बाद एससी–एसटी से खरीदी गई भूमि को प्रशासन ने ग्राम सभा में किया था निहित।**

**जिला प्रशासन की चुस्त पैरवी से ध्वस्त हुए बहादुर अली के मंसूबे।**

**हाई कोर्ट ने जिला प्रशासन की कार्रवाई को ठहराया जायज।**

**योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करते हुए जिला प्रशासन ने की थी सख्त कार्रवाई।**

**जालसाजी कर हड़पी गई भूमि पर समाज सुधारक बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की चल रही तैयारी, बनेगा खेल का मैदान और बारात घर**

**अमन लेखनी समाचार**






सोनभद्र। लैंड जिहाद के विरुद्ध योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की एक बड़ी जीत हुई है। माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अनुसूचित जनजाति की महिला के मुस्लिम बहादुर अली से निकाह एवं धर्मांतरण के बाद जनजातीय समाज से खरीदी गई भूमि के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई को जायज करार देते हुए किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से इनकार किया है। जिला प्रशासन ने महिला रजिया उर्फ नन्हकी द्वारा धर्मांतरण के बाद जालसाजी कर खुद को अनुसूचित जनजाति का दशार्ते हुए कराए गए सभी बैनामों को शून्य घोषित कर भूमि को ग्राम सभा में निहित किया था। वहीं दूसरी ओर, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के साथ ही मास्टरमाइंड बहादुर अली द्वारा जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) परिवर्तन के लिए जनजातीय समाज की हड़पी गई भूमि पर अब जन उपयोगी निर्माण की तैयारी भी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। जल्द ही भूमि पर खेल का मैदान व विवाह मंडप का निर्माण किए जाने के साथ ही समाज सुधारक बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित किए जाने की भी तैयारी चल रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि झारखंड की सीमा से सटे दुद्धी के बघाडू गांव में आदिवासियों की जमीनों पर बहादुर अली द्वारा पत्नी के नाम पर जालसाजी कर हड़पने का प्रकरण संज्ञान में आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की। बताया कि बहादुर अली ने जनजातीय समाज की महिला रजिया से निकाह के पश्चात दस्तावेजी हेरफेर कर उसे जनजातीय समाज का ही दशार्ते हुए एससी-एसटी की 30 से अधिक जमीनों की खरीद की थी। बाद में बहादुर अली ने यह जमीनें झारखंड, बिहार व छत्तीसगढ़ में रहने वाले अपने रिश्तेदारों को दे दीं।

# सोनभद्र में 816 परीक्षा केंद्रों पर साक्षरता परीक्षा सकुशल सम्पन्न, 8,207 शिक्षार्थियों ने किया प्रतिभाग

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयुवर्ग के चिन्हित निरक्षर शिक्षार्थियों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से जनपद के 816 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें सभी 10 विकास खंडों से कुल 8,207 चिन्हित शिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। विकास खंडवार सहभागिता में म्योरपुर से सर्वाधिक 2,106 लर्नर परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त रॉबर्ट्सगंज से 1,541, कोन से 1,391, करमा से 741, चोपन से 484, चतरा से 464, नगवां से 437, घोरावल से 441, बभनी से 325 तथा दुद्धी से 277 शिक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा संबंधित परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की देखरेख में परीक्षा सम्पन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान सहायक निदेशक, साक्षरता कार्यक्रम, श्रीमती प्रतिमा मिश्रा द्वारा विकास खंड रॉबर्ट्सगंज के प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय छपका स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा निरक्षर शिक्षार्थियों की उत्साहजनक उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने परीक्षा संचालन की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए परीक्षा को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में पूर्व में आयोजित साक्षरता परीक्षाओं में 24,958 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है। इनमें 22,959 प्रतिभागी साक्षरता की निर्धारित दक्षता प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 1,959 प्रतिभागियों को सुधार की आवश्यकता पाई गई। इस प्रकार पूर्व परीक्षाओं में 91.99 प्रतिशत प्रतिभागियों ने निर्धारित साक्षरता दक्षता हासिल की है। मार्च 2026 में आयोजित परीक्षा में 12,210 प्रतिभागियों में से 12,056 उत्तीर्ण हुए थे, जबकि 154 प्रतिभागियों को सुधार की आवश्यकता रही थी।

# जयराम विद्यापीठ में देवताओं में श्री गणेश भगवान का हुआ पूजन



**विद्यापीठ के ब्रह्मचारियों ने किया गणपति बप्पा मोरिया के भजनों का गुणगान।**

**अमन लेखनी समाचार**

कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ में देवी देवताओं में प्रथम आराध्य श्री गणेश की भव्य प्रतिमा के समक्ष प्रतिदिन पूजन एवं आरती की जा रही है। विद्यापीठ में श्री गणेश महोत्सव पर सर्वकल्याण की भावना से विद्वान ब्राह्मणों द्वारा नियमित पूजन हो रहा है। रविवार को भी रोहित कौशिक के मार्गदर्शन में यजमान श्रद्धालुओं का पूजन एवं आरती करवाई गई। विद्यापीठ के ब्रह्मचारियों ने जब गणपति बप्पा मोरिया का उद्घोष किया तो वातावरण पूर्णतया भक्तिमय हो गया। भगवान श्री गणेश भजनों पर विद्यापीठ के सेवक एवं श्रद्धालु खूब झूमे। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि विद्यापीठ में हर वर्ष श्री गणेश उत्सव का पूरे विधि विधान से आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर केके कौशिक, खरैती लाल सिंगला, कुलवंत सैनी, सुरेंद्र गुप्ता, राजेश सिंगला, केसी रंगा, यशपाल राणा, अशोक गर्ग, सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक इत्यादि भी मौजूद रहे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## महाराजा-2 के सीक्वल पर काम शुरू, निथिलन हैं डायरेक्टर

**मुंबई।** साल 2024 में आई विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप की फिल्म 'महाराजा' सुपरहिट रही थी। इस फिल्म को ना सिर्फ थिएटर्स में प्यार मिला, बल्कि ओटीटी पर भी इसे खूब तारीफें मिलीं। चीन में धमाल मचाने के बाद यह फिल्म अब हॉलीवुड में रीमेक होने जा रही है। इसी बीच मेकर्स ने ऐलान कर दिया है कि वो इस फिल्म का पार्ट-2 बनाने जा रहे हैं। विजय सेतुपति ने हाल ही में बत्था के म्यूजिक लॉन्च इवेंट में कन्फर्म किया कि इस फिल्म की हॉलीवुड रीमेक बन रहा है और वह इस रीमेक मूवी का हिस्सा बनना चाहेंगे। विजय सेतुपति ने कहा, 'निथिलन गजब के डायरेक्टर हैं, उनका राइटिंग सेंस कमाल का है। उन्होंने हाल ही में मुझे महाराजा-2 की कहानी सुनाई थी, जो कि बहुत खूबसूरत है।

लाइफ Style



# नोरा

## बिग बॉस में एंट्री को लेकर सालों बाद खोला राज

डासिंग क्वीन और एक्ट्रेस नोरा फतेही को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। उन्होंने दिसंबर 2015 में रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट एंट्री ली थी. लगभग एक महीने घर में रहने के बाद जनवरी 2016 में वह शो से बाहर हो गई थीं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब नोरा ने खुलासा किया है कि उन्होंने सलमान खान के इस शो में जाने के लिए मेकर्स के सामने एक खास शर्त रखी थी। नोरा फतेही ने स्वीकार किया कि शुरुआत में वह रियलिटी शोज को काफी नीची नजर से देखती थीं और उन्हें लगता था कि ये शो उनके लिए नहीं हैं। हालांकि, बाद में उन्हें अहसास हुआ कि ये शोज उतने बुरे नहीं होते जितना वह सोचती थीं, जिसके बाद ही उन्होंने 'बिग बॉस के घर में जाने का फैसला किया। नोरा ने खुलासा किया, 'मैं वाइल्ड कार्ड एंट्री थी, इसलिए मुझे पता था कि मैं ज्यादा दिन वहां नहीं टिकूंगी. मैं वास्तव में 'झलक दिखला जा' करना चाहती थी। चूंकि दोनों शो एक ही चैनल के थे, तो मैंने मेकर्स के सामने शर्त रखी कि अगर वे मुझे 'झलक दिखला जा' देंगे, तभी मैं 'बिग बॉस' करूंगी। इस तरह डील करके मैंने 'झलक दिखला जा' में भी एंट्री मारी।' एक बातचीत के दौरान नोरा फतेही ने बताया कि जब उन्होंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया था, तब उन्होंने कई गाने किए, लेकिन एजेंसी की तरफ से उन्हें उनके काम का पैसा नहीं मिल रहा था। उन्होंने बताया, 'मैं अपने ही पैसों के लिए लगातार लड़ रही थी और स्थिति बहुत खराब हो चुकी थी।

हॉलीवुड मसाला



## रेसिडेंट ईविल ने किया कमाल

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म रेसिडेंट ईविल ने वाइब और दायरा को कलेक्शन के मामले में पछाड़ दिया। जहां शुक्रवार को इस फिल्म ने 2.60 करोड़ रुपए कमाए। वहीं, शनिवार को 2.26 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। इस तरह दो दिनों में इस फिल्म की कमाई दायरा और वाइब को पीछे छोड़ते हुए 4.86 करोड़ रुपए हो चुकी है। साल 2026 बॉक्स ऑफिस के मामले में अनिश्चितताओं वाला रहा है। जहां एक तरफ बड़े बजट की टॉक्सिक महीने भर में ही कई सिनेमाघरों से हटा दी गई। वहीं, मात्र दो करोड़ में बनी हनुमान अंश सातवें हफ्ते में भी करोड़ों कमा रही है।




## एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर ने एडवांस बुकिंग में गाड़े झंडे

**नई दिल्ली।** 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म ने पहले दिन के लिए एडवांस बुकिंग में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर ने सिर्फ पहले दिन के लिए पीवीआर इनोक्स और सिनेप्लिक्स जैसी बड़ी सिनेमा चेन में लगभग 35,000 टिकट बेचे हैं। इस सुपरहीरो फिल्म के लिए ओपनिंग वीकेंड में कुल मिलाकर लगभग 1,25,000 टिकट एडवांस में बुक हुए हैं, जिनमें से लगभग 50,000 टिकट पहले दिन के लिए हैं। इस तरह, फिल्म ने एडवांस बुकिंग से लगभग 6.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। अभी एक हफ्ता बाकी है. ऐसे में एडवांस बुकिंग के ये आंकड़े आमतौर पर ओपनिंग डे पर लगभग 20 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की ओर इशारा करते हैं।



## 69 की उम्र में भी हर रोल के लिए तैयार...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनी राजदान इन दिनों अपनी फिल्म 'ओम का हरि' को प्रमोट करते हुए नजर आ रही हैं। हरीश व्यास के निर्देशन में बनी यह फैमिली ड्रामा और कॉमेडी मूवी शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई। ऐसे में अब आलिया भट्ट की मां ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा कि वह एक कलाकार के तौर पर खुद को किसी तय दायरे में नहीं बांधतीं। वह हर किरदार को उसी उत्साह के साथ निभाती हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, सोनी ने कहा कि उन्हें भरोसा है वह खुद को किसी बिल्कुल अलग माहौल के किरदार में भी ढाल सकती हैं। उन्होंने इसके लिए लोकप्रिय सीरीज 'पंचायत' का उदाहरण दिया। सोनी ने कहा, 'एक एक्टर के तौर पर मैं हर किरदार को एक ही उत्साह के साथ देखती हूं। हर किरदार मुझसे या किसी भी एक्टर से अलग-अलग चीजों की मांग करता है।



## गोलमाल-5 की रिलीज डेट पर बिजनेस दिमाग

**मुंबई।** रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 8 जनवरी 2027 को रिलीज हो रही फिल्म में अजय देवगन, अरशद वारसी। श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर। कुनाल खेमू और शरमन जोशी जैसे एक्टर्स नजर आने वाले हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं रोहित शेट्टी अपनी इस कल्ट क्लासिक गोलमाल सीरीज की 5वीं फिल्म 8 जनवरी, नॉन फेस्टिवल के मौके पर क्यों रिलीज कर रहे हैं? डायरेक्टर ने इस रिलीज डेट के पीछे तगड़ा दिमाग लगाया है। इसकी गुत्थी सुलझ गई है। आमतौर पर कोई भी फिल्ममेकर अपनी फिल्म को किसी फेस्टिवल या हॉलिडे से मौके पर रिलीज करना पसंद करता है। उसकी बड़ी वजह इन फेस्टिवल और हॉलिडे के सेलिब्रेशन से फिल्म को होने वाला आर्थिक फायदा है।

टीवी मसाला



## बिग बॉस 20 में मेहमान बनकर पहुंचे सिद्धार्थ और तमन्ना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' खूब चर्चा में है। शो के दूसरे हफ्ते के वीकएंड के वार में काफी हंगामा रहा। मेकर्स ने शो के कुछ नए प्रोमो जारी किए हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि शो में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया आए हैं। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन किया है। वहीं, दूसरे प्रोमो में सलमान खान ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी प्रतिभागी घबरा गए हैं। नए प्रोमो में सलमान खान प्रतिभागियों से कहते हैं कि कोई खास आया है आपसे मिलने। इसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया सलमान खान के साथ डांस करते नजर हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं 'मेरी नई फिल्म 'द वन' आ रही है। इस वन में रात को जाना वर्जित है क्योंकि वहां पर कुछ रहस्य हैं।' इसके बाद सलमान खान पूछते हैं 'रहस्य कब खोल रहे हैं?' इस पर तमन्ना भाटिया जवाब देती हैं '25 सितंबर को रहस्य बाहर आ जाएगा। क्या आपको पता है कि पूरे सोशल मीडिया पर बिग बॉस की बातें हो रही हैं।' इस बीच तमन्ना भाटिया, काजी तौकीर से कहती हैं कि मैं तुमसे वो हुक स्टेप सीखना चाहती हूं। फिर काजी अपना हुक स्टेप करके दिखाते हैं। एक दूसरे शो में सलमान खान यंग डीएसए को बुलाते हैं। इसके बाद ऐसा लगता है कि उनके सीने में जोर का दर्द होने लगा है। सलमान खान अपना सीना पकड़कर जमीन पर गिर जाते हैं। सभी प्रतिभागी उन्हें देखकर डर जाते हैं। जमीन पर लेटे-लेटे सलमान खान काजी तौकीर से कहते हैं 'तौकीर ये मैं जो कर रहा हूं, वो तुम करते हो। एंटरटेनमेंट के लिए।' इसके बाद सलमान खान हंसने लगते हैं। इसके बाद सलमान खान कहते हैं कि एक्टिंग के हिसाब से तौकीर ने बहुत सही किया है।

### गौरव ने सुनाया किस्सा, बिग बी लगे मुस्कुराने

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में हाल ही में कुछ ऐसा हुआ, जिसने अमिताभ बच्चन और शो में मौजूद सभी लोगों को हंसा दिया। दरअसल, शो में कॉमेडियन गौरव गुप्ता और गौरव कपूर के साथ गीतकार और लेखक वरुण ग्रोवर खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस दौरान 'सूर्यवंशम' की मशहूर खीर का जिक्र हुआ और गौरव कपूर ने ऐसा मजेदार किस्सा सुनाया कि अमिताभ बच्चन भी मुस्कुराने लगे। हालांकि, इस एपिसोड में सिर्फ सूर्यवंशम की खीर का ही जिक नहीं हुआ।



कॉमेडियन्स ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'शोले से जुड़ी याद भी ताजा कर दी। तीनों ने अमिताभ बच्चन से उनका मशहूर डायलॉग, 'तुम्हारा नाम क्या है, बसंती?' बोलने को भी कहा। एपिसोड में गौरव गुप्ता, गौरव कपूर और वरुण ग्रोवर खास मेहमान के तौर पर नजर आए। तीनों ने अमिताभ बच्चन के साथ क्विज खेला और इस दौरान खूब मस्ती भी की।

## ये हैं 2026 की शानदार 5 मलयालम फिल्में, इनकी कहानी होश उड़ा देगी

*मुंबई। मलयालम सिनेमा ने इस साल शानदार फिल्में बनाई है। लेकिन अगर साल की 5 बेस्ट फिल्मों का चयन करना हो तो वो शायद ये होगा। इस लिस्ट में देखीये मलयालम 5 बेस्ट फिल्में जो आपके होश उड़ा देंगी। मलयालम सिनेमा अपनी शानदार सस्पेंस से भरी कहानी और थ्रिलर के लिए दुनियाभर में अलग बना चुका है। इस साल मलयालम सिनेमा ने एक्शन, थ्रिलर, इमोशनल और रोमांटिक, ड्रामा फिल्मों से छाप छोड़ दी है। इन फिल्मों को आईएमडीबी पर शानदार रेटिंग मिली है।*

### बालन द बॉय

ये एक ऐसे बच्चे की कहानी है जिसका जन्म जेल में होता है। वो अपनी मां के साथ जब जेल से बाहर निकलता है तो नए नाम के साथ नई जिंदगी जीता है। फिर कुछ ऐसा होता है कि ये छोटा सा बच्चा अपनी मां से बिछड़ जाता है। अंत में जो होता है वो आपको रुला देगा। ये साल की सबसे इमोशनल कहानी मानी गई है। अगर आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो एक बार समय निकाल कर जरूर देख सकते हैं। फिल्म जी 5 पर अवेलेबल है।

### भरतनाट्यम 2

भरतनाट्यम के पहले पार्ट को ऑडियंस ने पसंद किया था। ये एक ऐसे शख्स के परिवार की कहानी है जिसकी दो पत्नियां थीं। उसकी



मौत के बाद एक राज खुलता है और पैसों से जुड़ा मामला, सस्पेंस आपको सीट से हिलने नहीं देता। कहानी में एक मर्डर को छुपाए जाने को कोशिश की जाती है। इस फिल्म को कॉमेडी दृश्यम माना गया है। कहानी का अंत होश उड़ा देता है। आप इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### संभवम अध्यायम ओन्नु

संभवम अध्यायम ओन्नु की कहानी सस्पेंस थ्रिलर से भरी हुई है। फिल्म एक जंगल की है जहां जाने वाले लोग अचानक कई साल पीछे पहुंच जाते हैं। कुछ उस जंगल से कभी वापस नहीं लौटते। फिल्म में अंत में जो सच सामने आता है वो होश उड़ा देगा। फिल्म जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। ये फिल्म आपको सीट से हिलने नहीं देगी। कहानी और जंगल दोनों में आप गुम हो जाओगे।

### द्रीदम

एक मलयालम इन्वेस्टीगेशन क्राइम थ्रिलर फिल्म है जिसमें एक पुलिस ऑफिसर साजिश का पर्दाफाश करता है। फिल्म को ऑडियंस से जबरदस्त रिएक्शन मिला था। आप इस फिल्म को जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### नारिवेट्टा

एक की कहानी एक पुलिस ऑफिसर के इर्दगिर्द घूमती है। एक एक पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसे ऑडियंस ने पसंद किया। इस फिल्म को सोनी लिव पर देख सकते हैं।

## अब थिएटर्स में आएगी गोंधल हिंदी डबिंग का काम पूरा

**नई दिल्ली।** मराठी सिनेमा की क्लासिक मूवी गोंधल अब जल्द ही हिंदी ऑडियंस के लिए थिएटर्स में अवेलिबल होगी। फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है। गोंधल इस साल भारत की तरफ से ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री रहने वाली है। ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से बतौर ऑफिशियल एंट्री जा रही मराठी फिल्म 'गोंधल' अब जल्द ही बहुत बड़ी ऑडियंस के लिए उपलब्ध होगी। मेकर्स इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज करने जा रहे हैं। महाराष्ट्र से निकलकर अब देशभर की ऑडियंस तक पहुंचने को तैयार इस फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है, बल्कि अब मेकर्स इस फिल्म की अलग-अलग भाषाओं में रिलीज का ऐलान करने की तैयारी कर रहे हैं। एक खास बातचीत में फिल्म के एडिटर आशीष म्हात्रे ने बताया कि डबिंग का काम खत्म हो चुका है और अब रिलीज डेट का अनाउंसमेंट करने की तैयारी चल रही है। आशीष म्हात्रे ने कहा, 'इस फिल्म का हिंदी, तमिल और तेलुगू वर्जन तैयार किया गया है। तो सभी पर काम किया जा रहा है। प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ ही दिन में इसके बारे में अनाउंसमेंट कर दिया जाएगा।" मेकर्स ने फिल्म की थिएट्रिकल



रिलीज को अपनी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा बनाया हुआ है। अभी मेकर्स इस फिल्म को ओटीटी पर लाने के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। म्हात्रे ने बताया, 'उन्होंने (मेकर्स ने) तय किया है कि वो अभी इसे ओटीटी पर रिलीज नहीं करेंगे। क्योंकि वो इसे थिएटर्स में दिखाना चहते हैं।' लेकिन, सवाल यह है कि मेकर्स ऐसा क्यों चाहते हैं कि ज्यादातर ऑडियंस इस फिल्म को थिएटर्स में देखे? इसका जवाब देते हुए आशीष म्हात्रे ने कहा, 'क्योंकि मोबाइल और टीवी पर क्या होता है? वो जब इसे छोटी स्क्रीन पर देखते हैं। तो आपका ध्यान बंटता रहता है।'

### गांधी जी भी थे मुरीद; घर-घर में गूंजे उनके भजन

## भारत रत्न पाने वाली पहली संगीतकार, कहलाईं 'संगीत की रानी'

*__नई दिल्ली।__ भारतीय सिनेमा की वो महिला संगीतकार जिनके गीतों के धुन को महात्मा गांधी भी पसंद करते थे। उनके संगीत का जादू विदेशों में भी छाया था। इस आर्टिकल में कहानी भारत रत्न से नवाजी जाने वाली पहली महिला संगीतकार की, जिन्होंने दशकों तक म्यूजिक इंडस्ट्री में काम किया। यह संगीतकार कोई और नहीं, बल्कि एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी हैं। 16 सितंबर 1916 को जन्मीं सुब्बुलक्ष्मी ने कर्नाटक संगीत को दुनियाभर में पहुंचाया। सुब्बुलक्ष्मी बचपन से ही संगीत से जुड़ी थीं। उनकी दादी वॉयलिन वादक थीं। ऐसे में उन्हें भी बचपन से संगीत का गुण सिखाया गया। उन्होंने पंडित नारायणराव व्यास और सेम्मंगुडी श्रीनिवास अय्यर से संगीत की शिक्षा ली और मात्र 11 साल की उम्र में पहली बार पब्लिक परफॉर्मेंस दी।*

### यूएन में लहराया संगीत का परचम

इसके बाद सुब्बुलक्ष्मी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने मद्रास म्यूजिक एकेडमी समेत कई इवेंट्स में शानदार परफॉर्मेंस के दम पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने नेशनल-इंटरनेशनल कॉलेज, कॉन्सर्ट्स और इवेंट्स में अपने संगीत का जादू बिखेरा। यहां तक कि वह यूएन जनरल एसेंबली में भी परफॉर्म कर चुकी थीं।

### अलग-अलग नामों से बुलाया जाता था

संगीत बनाने के अलावा सुब्बुलक्ष्मी की आवाज भी बहुत मधुर थी। उन्हें भजन गाने के लिए जाना जाता है। सुब्बुलक्ष्मी के सबसे कल्ट गीतों में मीनाक्षी पंचरत्नम, भज गोविंदम, विष्णु सहस्त्रनाम, हरि तुम हरो और वेंकटेश्वर सुप्रभातम शामिल हैं। उनकी मधुर आवाज और खूबसूरत संगीत के चलते ही सिनेमा में उन्हें अलग-अलग नामों से बुलाया जाता था।



### लता बुलाती थीं तपस्विनी

महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू उनके गीत और संगीत के फैन थे। जवाहर लाल नेहरू तो उन्हें 'संगीत की रानी' बुलाया था। यहां तक कि लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) भी उनके हुनर की कायल थीं। उन्होंने एक बार उन्हें 'तपस्विनी' बुलाया था। किशोरी अमोनकर ने उन्हें 'आठवां सुर' कहा था। गीतों और संगीत के अलावा वह अभिनय भी कर चुकी थीं।

### सुब्बुलक्ष्मी को मिल चुके ये अवॉर्ड्स

पद्म भूषण, रमन मैग्सेसे अवॉर्ड, पद्म विभूषण, भारत रत्न। इसके अलावा वह संगीत नाटक अकेडमी अवॉर्ड, संगीत कलानिधि, और कालिदास सम्मान से भी नवाजी जा चुकी हैं। आपको बता दें कि पति कल्कि सदाशिवम के निधन के बाद 1997 में उन्होंने पूरी तरह संगीत जगत से दूरी बना ली थी। 7 दशक के लंबे करियर में उन्होंने अपने हर काम से जनता के दिलों पर राज किया है।